गुरुवार, 16 अप्रैल 2026

**मौसम**

तापमान 27 – 36
आर्द्रता 89%
सूर्योदयः 05:15 सूर्यास्तः 17:57

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन,चार,पांच और छः पर

कोलकाता, वैशाख कृष्णपक्ष चतुर्दशी, वि.स. 2082, पृष्ठ 10, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : परित्याग करो और सुखी हो जाओ।



तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में द्रमुक की हार तय है: प्रधानमंत्री मोदी पृष्ठ 9

# ममता के 'लक्ष्मी भंडार' के जवाब में भाजपा ने 'मातृ शक्ति भरोसा कार्ड' की शुरुआत

## हर महिला को 3,000 मासिक सहायता का वादा



### स्मृति ईरानी ने तृणमूल सरकार को लिया आड़े हाथ, कहा... 'नहीं होगा किसी के साथ भेदभाव'

**कोलकाता, समाज्ञा :** भाजपा की वरिष्ठ नेता स्मृति ईरानी ने बुधवार को राज्य की तृणमूल कांग्रेस सरकार पर बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार में लिप्त रहने, वित्तीय कुप्रबंधन करने और महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने में विफल रहने का आरोप लगाया। उन्होंने वादा किया कि अगर भाजपा राज्य की सत्ता में आती है तो प्रत्येक महिला को 3,000 रुपये की मासिक नकद सहायता दी जाएगी। स्मृति ने 'मातृ शक्ति भरोसा कार्ड' की शुरुआत करने के बाद आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए दावा किया कि पर्याप्त केंद्रीय सहायता के बावजूद, राज्य अब भी 'कट मनी की संस्कृति' से ग्रस्त है। 'मातृ शक्ति भरोसा कार्ड' पश्चिम बंगाल में भाजपा की एक पहल है जिसके तहत महिलाओं को प्रति माह 3,000 रुपये की प्रत्यक्ष नगद सहायता प्रदान की जाएगी। यह प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) योजना के रूप में तैयार की गई है जिसका उद्देश्य महिलाओं को सशक्त बनाना है। यदि पार्टी राज्य चुनाव जीतती है, तो इस मासिक सहायता के लिए लाभार्थियों का नामांकन करने हेतु इन कार्डों का उपयोग किया जाएगा।

**राज्य के कोष रोके रखने के तृणमूल के आरोपों का दिया जवाब**

केंद्र द्वारा राज्य के कोष रोके रखने के तृणमूल के आरोपों का जवाब देते हुए, उन्होंने दावा किया कि पश्चिम बंगाल को 2014 और 2026 के बीच कर हस्तांतरण के रूप में 7.24 लाख करोड़ रुपये और अनुदान सहायता के रूप में लगभग तीन लाख करोड़ रुपये प्राप्त हुए, इसके अलावा पूंजीगत व्यय के लिए 24,000 करोड़ रुपये के ब्याज मुक्त ऋण भी प्राप्त हुए। स्मृति ने केंद्र से प्राप्त धन के उपयोग पर सवाल उठाते हुए मनरेगा योजना के तहत '25 लाख फर्जी जॉब कार्ड' होने और कल्याणकारी योजनाओं में अनियमितता का आरोप लगाया। उन्होंने सवाल किया कि वह पैसा किसने लिया? तृणमूल मंत्रियों के घरों से नकदी क्यों बरामद हुई?

**महिला आरक्षण कानून जल्द लागू करने पर जोर दिया**

पूर्व केंद्रीय मंत्री ने ममता बनर्जी नीत सरकार पर निशाना बनाते हुए कानून-व्यवस्था और महिलाओं की सुरक्षा को लेकर भी चिंता जताई। उन्होंने हिंसा की घटनाओं का हवाला देते हुए और आरजी कर अस्पताल की घटना सहित चर्चित मामलों में पीड़ितों और उनके परिवारों को धमकाने का आरोप लगाया। स्मृति ईरानी ने महिला आरक्षण कानून को जल्द से जल्द लागू करने की वकालत की। साथ ही, उन्होंने विपक्षी दलों पर 'दोहरे मापदंड' अपनाने का आरोप लगाते हुए राज्य में महिला सशक्तीकरण के प्रति अपनी पार्टी की प्रतिबद्धता को दोहराया और सरकारी नौकरियों में भी इसी तरह के आरक्षण का वादा किया।

### शेयर बाजार में तेजी से निवेशकों की संपत्ति 9.41 लाख करोड़ रुपये बढ़ी

**नयी दिल्ली :** अमेरिका और ईरान के बीच नए कूटनीतिक प्रयासों की उम्मीद के बीच बुधवार को शेयर बाजार में जोरदार तेजी आई जिससे निवेशकों की संपत्ति 9.41 लाख करोड़ रुपये बढ़ गई। बीएसई सेंसेक्स 1,263.67 अंक यानी 1.64 प्रतिशत उछलकर 78,111.24 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 1,422.85 अंक यानी 1.85 प्रतिशत चढ़कर 78,270.42 अंक तक पहुंच गया। बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण इस दौरान 9,41,461.6 करोड़ रुपये बढ़कर 4,58,55,016.77 करोड़ रुपये (4,910 अरब डॉलर) हो गया।

### 20,400 टन एलपीजी लेकर भारतीय ध्वज वाला जहाज 'जग विक्रम' गुजरात पहुंचा

**अहमदाबाद :** पश्चिम एशिया में तनाव के बीच 20,400 टन तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) लेकर भारतीय ध्वज वाला जहाज 'जग विक्रम' गुजरात के कांडला स्थित दीनदयाल पोर्ट अथॉरिटी पर पहुंच गया है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। दीनदयाल पोर्ट अथॉरिटी ने बयान में कहा कि जहाज ने अमेरिका और ईरान के बीच दो सप्ताह के अस्थायी युद्धविराम के बाद होर्मुज जलडमरूमध्य को पार किया और उसने मंगलवार रात कच्छ में डीपीए कांडला के ऑयल जेटी-1 पर लंगर डाला। सरकारी अधिकारियों ने पहले कहा था कि मार्च की शुरुआत के बाद से फारस की खाड़ी से बाहर निकलने वाला यह नौवां भारतीय जहाज था, जबकि लगभग 15 अन्य भारतीय ध्वज वाले जहाज अभी भी इस क्षेत्र में फंसे हुए हैं।

## केंद्रीय बलों ने हवाई अड्डा जाते समय मेरी कार की तलाशी लेने की कोशिश की : ममता



मुख्यमंत्री ममता ने नागराकाटा विधानसभा क्षेत्र में मंगलबाड़ी से चालसा गोलाई तक पदयात्रा की

**उत्तर दिनाजपुर :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को दावा किया कि जब वह दिन में कोलकाता हवाई अड्डा जा रही थीं, तभी केंद्रीय बलों ने उनकी कार की तलाशी लेने की कोशिश की। ममता ने उत्तर दिनाजपुर जिले में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि अगर केंद्रीय बलों में हिम्मत है, तो वे हर दिन उनकी कार की जांच कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि जब मैं आज कोलकाता हवाई अड्डा जा रही थी तो केंद्रीय बलों ने मेरी कार की तलाशी लेने की कोशिश की। अगर आपमें हिम्मत है, तो आप हर दिन मेरी कार की जांच करें। ममता ने कहा कि सिर्फ टीएमसी को ही निशाना क्यों बनाया जा रहा है। मैं भाजपा की तरह चोर-डाकू नहीं हूं। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्रीय मंत्री चुनाव के दौरान पैसे लेकर आ रहे हैं और केंद्रीय बलों के वाहनों के इस्तेमाल पर भी सवाल उठाए। ममता ने भाजपा पर चुनाव में पैसे के इस्तेमाल का आरोप लगाते हुए कहा कि वे पैसों का भंडार लेकर मैदान में उतरे हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि केंद्र सरकार चुनाव के दौरान लोगों को प्रभावित करने के लिए योजनाओं के कार्ड बांट रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि मैं प्रधानमंत्री की कुर्सी का सम्मान करती हूं, लेकिन कुर्सी कभी झूठ नहीं बोलती।

**मुख्यमंत्री ने राज्यपाल के बयान पर किया पलटवार**

मुख्यमंत्री ने बिना नाम लिए राज्यपाल पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि उन्होंने पोइला बोइशाख की शुभकामनाएं देने के बजाय 'मुझे अपमानित' किया। उन्होंने कहा कि मैं उनका नाम नहीं लूंगी। वह इस राज्य के सबसे बड़े भवन में रहने वाले व्यक्ति हैं। आज उन्होंने बयान दिया, लेकिन पोइला बोइशाख पर लोगों को शुभकामनाएं देने के बजाय उन्होंने मुझे अपमानित किया। यह दावा करते हुए कि कानून-व्यवस्था अब राज्य सरकार के नियंत्रण में नहीं है, उन्होंने कहा कि पहले तो कभी हिंसा हुई ही नहीं। अब, इसके आप लोगों के नियंत्रण में आने के बाद ही हिंसा हो रही है। यह निर्वाचन आयोग के अधिकारियों के खिलाफ जाएगा, क्योंकि इन दिनों कानून-व्यवस्था हमारे हाथ में नहीं है।

## सरकार आज पेश करेगी महिला आरक्षण और परिसीमन संबंधी विधेयक, विरोध की तैयारी में विपक्ष

**नयी दिल्ली :** सरकार बृहस्पतिवार को महिला आरक्षण से संबंधित संविधान संशोधन विधेयक पेश करेगी, जिसका विपक्ष के कई प्रमुख दल विरोध करने की तैयारी में और इसके परिसीमन से जुड़े प्रावधानों के खिलाफ वोट करने का फैसला किया है। सरकार संविधान (एक सौ इकतीसवां संशोधन) विधेयक, 2026 को एक बड़े सुधार के रूप में ला रही है। विधेयक पेश किए जाने से एक दिन पहले कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आवास कई विपक्षी दलों के नेताओं की बैठक हुई जिसमें यह फैसला किया गया कि इसके परिसीमन से संबंधित प्रावधानों का पुरजोर विरोध किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि लोकसभा की वर्तमान 543 सीटों के आधार पर वर्ष 2029 से महिला आरक्षण लागू किया जाए।

# सत्ता में आने पर तृणमूल से पाई पाई वसूल करेगी भाजपा : अमित शाह

## गृह मंत्री ने दी चेतावानी... 'चुनाव के दिन घर पर ही रहें, वरना पांच मई के बाद उल्टा लटका देंगे'

### कहा... 'अंग, बंग और कलिंग तीनों जगहों कमल का फूल खिल जाएगा'



**जलपाईगुड़ी/अलीपुरदुआर :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को संकल्प जताया कि भाजपा, तृणमूल कांग्रेस द्वारा भ्रष्टाचार के माध्यम से बंगाल की जनता से लूटी गई एक-एक पाई वसूल करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर दो दशकों तक सत्ता में रहने के बाद भी भ्रष्टाचार का कोई दाग नहीं है। उत्तर बंगाल के जलपाईगुड़ी जिले के राजगंज में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का सत्ता से जाना 'निश्चित' है, लेकिन इस प्रक्रिया को शुरू करने का काम राज्य के उत्तरी क्षेत्रों से शुरू होगा। शाह ने कहा कि मोदी ने गुजरात पर 12 साल शासन किया और केंद्र में भी पिछले 12 साल से नेतृत्व कर रहे हैं; फिर भी उनके खिलाफ एक पैसे तक का किसी भी भ्रष्टाचार का कोई आरोप नहीं लगा। शाह ने रैली में भीड़ को संबोधित करते हुए कहा कि बंगाल में भाजपा को सत्ता में लाएं और तृणमूल नेताओं द्वारा लोगों से लूटे गए एक-एक पैसे को ब्याज समेत वसूला जाएगा। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि भाजपा सत्ता में आने के बाद तृणमूल नेताओं के खिलाफ कार्रवाई करेगी, जिन्होंने 'शिक्षक भर्ती घोटाले में 300 करोड़ रुपये हड़पे' और उत्तर बंगाल के लिए केंद्र द्वारा स्वीकृत बाढ़ राहत कोष से 100 करोड़ रुपये चुराए। शाह ने कहा कि उत्तर बंगाल तीन 'टी' के लिए जाना जाता है-टी (चाय), टिंबर (लकड़ी) और टूरिज्म (पर्यटन)। लेकिन ममता बनर्जी ने इसमें एक चौथा 'टी' जोड़ दिया है-भाजपा कार्यकर्ताओं के टीअर्स (आंसू), जिन्होंने तृणमूल के गुंडों के हाथों असहनीय पीड़ा झेली है। अलीपुरदुआर जिले के फलाकाटा में एक जनसभा को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि मैं तृणमूल के गुंडों को सलाह देता हूं कि वे 23 अप्रैल को, यानी चुनाव के दिन, घर पर ही रहें, वरना पांच मई के बाद हम आपको उल्टा लटका देंगे। घुसपैठिया मुक्त उत्तर बंगाल की वकालत करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि मोदी के नेतृत्व वाली सरकार, जिसने भारत में नक्सलवाद को समाप्त किया और आतंकवाद को मुंहतोड़ जवाब दिया, अब बंगाल और अन्य जगहों पर घुसपैठियों का पता लगाएगी और उन्हें बाहर निकालेगी। बंगाल में भाजपा को चुनिए और अंग-बंग-कलिंग की पवित्र त्रिमूर्ति पर कमल (भाजपा का चुनाव चिह्न) खिल उठेगा। हम घुसपैठियों को देश में घुसने से हमेशा के लिए रोक देंगे, जैसा कि हमने असम और त्रिपुरा में किया है। तृणमूल प्रमुख पर तीखा हमला बोलते हुए शाह ने कहा कि जहां मोदी सभी लोगों को अपना भाई, बहन और भतीजा मानते हैं, वहीं ममता बनर्जी केवल एक भतीजे अभिषेक बनर्जी की परवाह करती हैं। शाह ने कहा कि उनकी (ममता) एकमात्र इच्छा यही है कि भविष्य में उनका भतीजा बंगाल का मुख्यमंत्री बने। लेकिन मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि उनका समय समाप्त हो चुका है। पश्चिम बंगाल में चुनाव खत्म होते ही उन्हें जाना होगा।



## हरित दृष्टिकोण का दिल्ली-देहरादून राजमार्ग

निस्संदेह, दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे का उद्घाटन भारत के संरचनात्मक विकास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हो सकता है। जो राष्ट्रीय राजधानी और उत्तराखंड के प्रवेश द्वार के बीच यात्रा के समय को छह घंटे से घटाकर ढाई घंटे करने का वायदा करता है। मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राष्ट्र को समर्पित यह एक्सप्रेसवे उत्तराखंड ही नहीं, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र व पश्चिमी उत्तर प्रदेश में उद्योग व पर्यटन को बढ़ावा देगा। इंजीनियरिंग की विशिष्ट उपलब्धि से बढ़कर, परियोजना राजमार्गों की कल्पना में एक बड़े बदलाव का संकेत भी है। जो महज एक सड़क ही नहीं है, बल्कि कई क्षेत्रों, बाजारों और अवसरों को जोड़ने वाला महत्वपूर्ण आर्थिक गलियारा भी है। इस राजमार्ग के बनने से जहां परंपरागत मार्गों पर ट्रैफिक का दबाव कम होगा, वहीं बेहतर कनेक्टिविटी से देहरादून और मसूरी आदि अन्य हिल स्टेशनों में पर्यटन बढ़ेगा। निस्संदेह, इससे पश्चिमी उत्तर प्रदेश में आर्थिक गतिविधियों को प्रोत्साहन मिलेगा। पश्चिमी उ.प्र. के सहारनपुर व शामली जैसे जनपदों, जिन्हें विकास की दौड़ में पर्याप्त अवसर नहीं मिले, उनके लिये भी वरदान साबित हो सकता है। माना जा रहा है कि खाद्यान्न, भंडारण और रियल एस्टेट में भी इस परियोजना के लाभ नजर आएंगे। कह सकते हैं कि यह एक्सप्रेसवे भारतमाला जैसी परियोजनाओं के तहत एकीकृत, उच्च गति वाले गलियारों के लिये केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के लक्ष्यों को पूरा करता है। वहीं दूसरी ओर इस परियोजना की सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इसमें विकास और पारिस्थितिक संवेदनशीलता के मध्य सामंजस्य स्थापित करने का सार्थक प्रयास किया गया है। प्रतिष्ठित राजाजी पार्क क्षेत्र से गुजरने वाला यह ऊंचा वन्यजीव गलियारा, जिसमें वन्य जीवों के लिये अंडरपास बनाये गए हैं ताकि उनके प्राकृतिक आवागमन मार्गों में किसी तरह का व्यवधान पैदा न हो। जो इस मान्यता की कसौटी पर खरा उतरता है कि विकास के बुनियादी ढांचे को प्रकृति के अनुरूप तैयार किया जाना चाहिए।

हाल के वर्षों में देश की विभिन्न बड़ी विकास योजनाओं वाले क्षेत्रों में वन्य जीवों और मनुष्य के बीच जो संघर्ष बढ़ा है, वो विकास को पर्यावरण व वन्यजीवों के अधिवास के अनुकूल ढालने की जरूरत बताता है। कर्नाटक के हाथी गलियारे- जो बांदीपुर,नागरहोल और आसपास के जंगलों को जोड़ते हैं, दर्शाते हैं कि कि कैसे संपर्क मार्गों से वन्य जीवों के प्रवास-मार्ग की सुरक्षा होती है। जिससे मानव व वन्य जीवों का संघर्ष कम होता है। ऐसे में यदि दिल्ली-देहरादून राजमार्ग में अभिनव प्रयास प्रभावी साबित होते हैं, तो यह नया एक्सप्रेसवे पारिस्थितिक रूप से संवेदनशील क्षेत्रों में भविष्य की परियोजना के लिए एक आदर्श साबित हो सकता है। हालांकि, इस राजमार्ग को लेकर कुछ चिंताएं अभी बाकी हैं। राजमार्ग को पूरा करने के दौरान अंतिम समय में निर्माण कार्यों में किए गए सुधार और इसमें पहले हुई कुछ देरी की रिपोर्टों से कार्य निष्पादन की गुणवत्ता व समय सीमा के दबाव को लेकर सवाल भी उठे हैं। निस्संदेह, किसी संरचना के बुनियादी ढांचे का मूल्यांकन उद्घाटन की समय सीमा से नहीं बल्कि उसकी मजबूती, सुरक्षा उपायों और दीर्घकालिक पर्यावरणीय प्रभावों के आधार पर ही होना चाहिए। अंततः यह एक्सप्रेसवे आशा और सावधानी दोनों का ही पर्याय है। निर्विवाद रूप से यह भारत की तेज और स्मार्ट निर्माण की महत्वाकांक्षा को भी दर्शाता है। इसके साथ ही उच्च मानकों की कसौटी पर खरा उतरने और जवाबदेही की जरूरत को भी रेखांकित करता है। निर्विवाद रूप से इस महत्वाकांक्षी परियोजना की वास्तविक सफलता इस बात पर भी निर्भर करेगी कि यह पारिस्थितिक और संरचनात्मक गुणवत्ता से समझौता किए बिना दक्षता को बनाये रखे। इसके अलावा पर्वतीय राज्य उत्तराखंड की सांस्कृतिक अस्मिता और पर्यटन के दबाव से भूगर्भीय संवेदनशीलता की भी रक्षा हो। ग्लोबल वार्मिंग के प्रभाव से भूस्खलन व पर्यटकों का दबाव झेल रहे हिमालयी राज्यों में पर्यटन प्रकृति व स्थानीय संस्कृति के अनुरूप होना चाहिए। आने वाले दिनों में दिल्ली-देहरादून राजमार्ग उत्तराखंड की चारधाम यात्रा को भी गति देगा, जिससे श्रद्धालुओं की संख्या में तेजी से विस्तार होना निश्चित है। वहीं चीन से मिलने वाली किसी चुनौती से निपटने में सेना की गतिशीलता, रसद व सैन्य आपूर्ति में भी यह राजमार्ग महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाला है।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 16 अप्रैल, गुरुवार, 2026, विक्रम सम्वत् 2083, वैशाख कृष्णपक्ष चतुर्दशी, 20:07 तक, नक्षत्र : उत्तरभाद्रपदा, 13:46 तक, योग : इंद्र, 10:26 तक, सूर्योदय: 05:15, सूर्यास्त: 17:57, चन्द्रोदय : 04:08, चन्द्रास्त: 16:52, शक सम्वतः 1948 पराभव, सूर्य राशि : मेष, चन्द्र राशि : मीन, राहू काल : 01:10 से 14:45

## राशिफल

**मेष :** आज किस्मत आपको एक बड़ा संकेत दे रही है। प्रॉपर्टी से जुड़ा अटका काम अचानक सुलझ सकता है और समाज में आपकी पहचान चमक सकती है।

**वृष :** आज का दिन आपके लिए मौके लेकर आया है। कोई नई खरीदारी दिल खुश कर देगी और परिवार में रिश्ते पहले से मजबूत होंगे। घर में नई शुरुआत चाहे वाहन हो या मरम्मत।

**मिथुन :** भागदौड़ भरा दिन है, लेकिन राहत की बात कि मदद खुद चलकर आएगी। खर्चों पर कंट्रोल रखना जरूरी है, नहीं तो बजट बिगड़ सकता है।

**कर्क :** आज का दिन परीक्षा ले सकता है, लेकिन आप संभाल लेंगे। काम में फोकस बढ़ेगा और बॉस की नजर में आपकी वैल्यू भी। दिल में सहयोग की भावना रहेगी, जो आपको आगे बढ़ाएगी।

**सिंह :** आज आत्मविश्वास आपका सबसे बड़ा हथियार है, लेकिन मन में चल रही उलझनें आपको थोड़ा परेशान कर सकती हैं। प्लानिंग के साथ काम करेंगे तो जीत आपकी होगी।

**कन्या :** आज सेहत पर बिल्कुल भी लापरवाही मत कीजिए। पेट से जुड़ी परेशानी आपको परेशान कर सकती है। नौकरी की तलाश खत्म हो सकती है।

**तुला :** सुबह की शुरुआत ही खुशखबरी लेकर आएगी। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और घर का माहौल खुशनुमा रहेगा। पुराने झगड़े खत्म होंगे और काम की रफ्तार तेज होगी।

**वृश्चिक :** आज धैर्य ही आपकी असली ताकत है। मीठी वाणी से आप हर मुश्किल आसान कर सकते हैं। प्रॉपर्टी मामले में भाइयों से बात आगे बढ़ेगी।

**धनु :** आज रिश्तों में पारदर्शिता जरूरी है। जीवनसाथी से कुछ भी छुपाना भारी पड़ सकता है। डूबा हुआ पैसा वापस मिलने की उम्मीद है। राजनीति या नए काम में हाथ आजमाने का मन बनेगा।

**मकर :** आज नौकरी वालों के लिए खुशखबरी है। नया पद या प्रमोशन मिल सकता है। लक्ष्य पर फोकस रखेंगे तो सफलता तय है। प्लानिंग के साथ काम करेंगे तो हर काम समय पर पूरा होगा।

**कुम्भ :** आज का दिन आपको मुस्कुराने की वजह देगा। समस्याओं का हल मिलेगा और आर्थिक स्थिति सुधरेगी। नौकरी की तलाश खत्म हो सकती है। कोई अच्छी खबर मिलेगी।

**मीन :** आज थोड़ा संभलकर चलना होगा। खर्चे बढ़ सकते हैं, इसलिए कंट्रोल जरूरी है। आपके काम आपको नई पहचान दिलाएंगे। बच्चे आपकी तरफ उम्मीद भरी नजरों से देखेंगे।

### बिहार में पहली बार भाजपा के नेतृत्व में सरकार

# 'मोदी-नीतीश मॉडल' पर ही चलेगा बिहार : मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी



### बिहार के 24वें मुख्यमंत्री बने सम्राट चौधरी, राज्यपाल ने दिलाई शपथ

### बिहार में मंत्रियों के बीच विभागों का बंटवारा, सीएम सम्राट चौधरी के पास अभी 29 विभागों की जिम्मेदारी

**पटना :** बिहार के नवनियुक्त मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बुधवार को कहा कि राज्य का शासन 'मोदी-नीतीश मॉडल' पर ही आगे भी चलता रहेगा। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन (सेवानिवृत्त) ने चौधरी को मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाई। इससे एक दिन पहले लंबे समय तक इस पद पर रहे नीतीश कुमार ने इस्तीफा दे दिया था। चौधरी ने कहा, मैं तुरंत राज्य की समृद्धि के लिए काम शुरू करूंगा। यह स्पष्ट रहना चाहिए कि बिहार 'मोदी-नीतीश मॉडल' पर ही शासित होता रहेगा। बुधवार को बिहार के पहले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के बाद सम्राट चौधरी को बधाइयों का तांता लग गया। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के नेताओं ने विश्वास जताया कि राज्य तेजी से प्रगति करेगा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'विकसित भारत' के संकल्प को साकार करने में योगदान देगा। राज्यसभा सांसद बन चुके नीतीश कुमार ने 'एक्स' पर चौधरी को बधाई देते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में बिहार तेजी से विकास करेगा और देश के सबसे विकसित राज्यों की श्रेणी में शामिल होगा। सम्राट चौधरी के पिता और सात बार विधायक रहे शकुनी चौधरी ने अपने पुत्र के मुख्यमंत्री बनने को ईश्वर की कृपा बताया। उन्होंने कहा, यह सब भगवान की कृपा है। मैंने लंबा संघर्ष किया और कई राजनीतिक दल बनाए, लेकिन सफल नहीं हो सका। आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और नीतीश कुमार के आशीर्वाद से सम्राट चौधरी मुख्यमंत्री बने हैं। मेहनत रंग लाती है।

### प्रधानमंत्री मोदी ने बिहार के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर सम्राट चौधरी को बधाई दी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को बिहार के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर भाजपा नेता सम्राट चौधरी को बधाई दी और कहा कि उनकी ऊर्जा, जनसेवा के प्रति समर्पण और जमीनी स्तर का अनुभव राज्य के लिए बेहद उपयोगी साबित होगा। प्रधानमंत्री ने राज्य के उपमुख्यमंत्री के तौर पर विजय कुमार चौधरी और बिजेंद्र प्रसाद यादव के शपथ लेने पर उन्हें भी बधाई दी।

### कार्यों को लटकाने, फाइल बढ़ाने और अनावश्यक पत्राचार की प्रवृत्ति पर रोक लगे: सम्राट चौधरी

बिहार के नए मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बुधवार को कार्यभार संभालने के बाद अधिकारियों को निर्देश दिया कि राज्य में कार्यों को लटकाने, केवल फाइल बढ़ाने और अनावश्यक पत्राचार की प्रवृत्ति पर रोक लगाई जाए तथा काम की गति को दोगुना किया जाए। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) द्वारा जारी बयान के अनुसार मुख्यमंत्री ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक में कहा कि राज्य में चल रहे कार्यों का संचालन ठीक ढंग से हो रहा है, लेकिन उनकी गति और तेज करने की आवश्यकता है ताकि समस्याओं का त्वरित समाधान हो सके। उन्होंने भ्रष्टाचार को कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति पर पूरी दृढ़ता से अमल करने का निर्देश देते हुए कहा कि ऊपर से नीचे तक किसी भी स्तर पर भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## फैक्ट्री के कामकाज में बाहरी दखल न होने दें : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ




**लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने फैक्ट्रियों के कामकाज में किसी भी बाहरी तत्व को दखल देने की अनुमति नहीं देने की सलाह देते हुए बुधवार को कहा कि इस तरह के हस्तक्षेप से शांति और प्रगति में बाधा आ सकती है। मुख्यमंत्री ने बुधवार को लखनऊ स्थित टाटा मोटर्स के संयंत्र से 10 लाखवीं गाड़ी को हरी झंडी दिखाने के मौके पर आयोजित एक कार्यक्रम में यह टिप्पणी नोएडा में वेतन वृद्धि को लेकर बड़े पैमाने पर हुई हिंसा और आगजनी के दो दिन बाद की है। नोएडा में बड़ी संख्या में महिला श्रमिकों समेत फैक्ट्री मज़दूरों ने वेतन में वृद्धि तथा अन्य मांगों को लेकर प्रदर्शन करते हुए काम बंद कर दिया था। कुछ जगहों पर यह विरोध प्रदर्शन हिंसक हो गया था जिसके चलते आगजनी, पथराव और तोड़फोड़ की घटनाएं हुई थीं। आदित्यनाथ ने इससे पहले विरोध प्रदर्शन के दौरान हुई हिंसा के पीछे साजिश की आशंका भी जताई थी, जिसकी फिलहाल पुलिस जांच कर रही है। मुख्यमंत्री ने लखनऊ में टाटा मोटर्स के 34 साल के सफर एक गौरवपूर्ण यात्रा बताया। उन्होंने कंपनी के शीर्ष अधिकारियों और कर्मचारियों तथा दर्शकों को संबोधित करते हुए कहा, ''हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि किसी भी परिस्थिति में हमारी फैक्ट्रियों या समूहों के आंतरिक मामलों में किसी भी बाहरी तत्व को दखल देने की इजाजत न मिले। बिगाड़ने वाले बहुत आएंगे, बनाने वाले कम मिलेंगे।'' मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर राज्य और समाज आगे बढ़ना चाहते हैं, तो लोगों में कृतज्ञता का भाव होना चाहिए। उन्होंने कहा, ''हमें उन संस्थानों और संगठनों का आभारी रहना चाहिए जो रोज़गार के अवसर, बच्चों की शिक्षा और युवाओं के विकास के मौके मुहैया कराते हैं और ऐसा करके वे लोगों की जिंदगी संवारने और युवाओं का भविष्य सुरक्षित करने में अहम भूमिका निभाते हैं।''

### लखनऊ में भीषण आग : 500 झोपड़ियां खाक... एक के बाद एक फटे कई सिलिंडर

**लखनऊ :** विकास नगर इलाके में बुधवार शाम खाली प्लाट में बनी झोपड़ियों में अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई। आग इतनी विकराल थी कि लगभग 10 किलोमीटर दूर से धुआं उठता दिखा। आसपास के लोगों ने इसकी सूचना दमकल और पुलिस को दी। मौके पर पहुंची दमकल की कई गाड़ियों ने आग पर काबू पाने के प्रयास शुरू किए। विकासनगर, जानकीपुरम, मड़ियांव समेत आसपास के थानों से पुलिस बल को भी मौके पर बुलाया गया। करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद आग बुझाई जा सकी। एहतियात के तौर पर इलाके की बिजली काट दी गई। आसपास के लगभग 50 मकानों को भी खाली कराया गया। आग में कई सिलिंडर फट गए। कई मकान भी क्षतिग्रस्त हुए हैं।

## प्रयागराज में ट्रेन से कटकर पांच लोगों की मौत

**प्रयागराज :** प्रयागराज स्थित यमुना नगर के करछना में बुधवार शाम पचदेवरा ओवरब्रिज के पास ट्रेन से कटकर पांच लोगों की मौत हो गई। राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) के वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। जीआरपी के पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा ने बताया कि आज शाम कालका एक्सप्रेस से कटकर एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई थी जिसकी वजह से ट्रेन रुक गई थी। इस ट्रेन के यात्री उत्सुकतावश नीचे उतर आए। उन्होंने कहा, ''तभी दूसरे ट्रैक पर पुरुषोत्तम एक्सप्रेस ट्रेन आ गई जिसकी चपेट में आने से चार लोगों की मृत्यु हो गई। अभी तक तीन व्यक्तियों की पहचान हुई।'' सहायक पुलिस आयुक्त (करछना) सुनील कुमार ने बताया कि मृतकों की पहचान बिहार के सिवान निवासी बलिराम



(36), उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर जिले के निवासी सुनील कुमार (24) और फिरोजाबाद के निवासी आकाश (17) के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि अन्य दो मृतकों की पहचान की जा रही है।

### संभल में फूस की झोपड़ी में आग लगने से चार साल का बच्चा जिंदा जल गया

**संभल :** संभल के गुन्नौर थाना क्षेत्र में बुधवार को फूस की एक झोपड़ी में आग लगने से चार साल का एक बच्चा जिंदा जल गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह घटना नंदरौली गांव में उस समय घटी जब बच्चे के माता-पिता पास के खेत में गेहूं काट रहे थे। तहसीलदार (गुन्नौर) रवींद्र गौतम ने बताया कि रवींद्र का बेटा प्रवेश झोपड़ी के अंदर सो रहा था तथा अचानक छप्पर में आग लग गई। उन्होंने कहा कि बच्चा अंदर फंस गया था और मदद पहुंचने से पहले ही जलकर मर गया। गौतम ने कहा, ''शव को पोस्टमार्टम के लिए ले जाया गया है। प्रशासन सरकारी मानदंडों के अनुसार पीड़ित परिवार को हर संभव वित्तीय सहायता प्रदान करेगा।'' थाना प्रभारी (गुन्नौर) राजीव कुमार मलिक ने कहा कि सूचना मिलने के तुरंत बाद एक पुलिस टीम ने गांव का दौरा किया।

### जयपुर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पर एआई कैमरे से हो रहा यातायात नियंत्रण

**जयपुर :** जयपुर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे अब वाहनों का जाम नहीं लगेगा क्योंकि हवाई अड्डा प्रशासन ने टर्मिनल-2 से आने-जाने वाले वाहनों के स्थान पर और पार्किंग क्षेत्रों में कृत्रिम मेधा आधारित वीडियो विश्लेषणात्मक कैमरा लगाया है। हवाई अड्डा प्रशासन ने यह जानकारी दी। उसने इसे यात्री सुविधा और परिचालन दक्षता बढ़ाने की दिशा में एक बड़ा कदम बताया और कहा कि यह एआई कैमरा अति व्यस्ततम समय में वाहनों की आवाजाही को सुचारू बनाने और जाम कम करने में अहम भूमिका निभा रहा है। जयपुर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा प्रबंधन ने बताया कि हवाई अड्डा के जिस क्षेत्र में वाहन प्रवेश करते हैं वहां एआई आधारित वीडियो एनलेटिकल कैमरा लगाया गया है। उसने कहा कि यदि वाहनों की संख्या बढ़ती है तो यह कैमरा हवाई अड्डा टीम को अलर्ट भेजता है तथा टीम तुरंत वहां पहुंचकर यातायात सुचारू करवाती है, फलस्वरूप वाहनों का जाम नहीं लग रहा है। प्रबंधन के अनुसार हवाई अड्डा के प्रवेश और निकास मार्गों पर प्रतीक्षा समय घटा है और वाहनों की आवाजाही सुचारू हुई।

### पटना की आधुनिक विरासत: विस्मय और कौतूहल जगाने वाला अनोखा 'एकता भवन' हुआ जमींदोज

**पटना :** आधुनिक युग की विशिष्ट वास्तुकला शैली को दर्शाने वाले आकर्षक डिजाइन से सुसज्जित पटना के लगभग 40 वर्ष पुराने 'एकता भवन' को ध्वस्त कर दिया गया है। यह इमारत स्थानीय लोगों के बीच विस्मय और कौतूहल का केंद्र हुआ करती थी। इसके विशिष्ट अग्रभाग के कारण कई लोगों द्वारा 'सैटेलाइट बिल्डिंग' कहा जाने वाला यह ढांचा शहर के बीचोंबीच गांधी मैदान के पास गंगा के किनारे स्थित था और कुछ सप्ताह पहले इसे ढहा दिया गया, ताकि प्रस्तावित 'पटना हाट' के लिए जगह बनाई जा सके। बिहार सरकार के इस हालिया कदम की संरक्षण वास्तुकारों के एक वर्ग और राजधानी के कई निवासियों ने आलोचना की है।

## एआई जागरूकता पर गिनीज बुक में दर्ज हुआ गोरखपुर का नाम

**गोरखपुर (उप्र) :** कृत्रिम मेधा (एआई) जागरूकता पर गोरखपुर का नाम 'गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड' में दर्ज हुआ है। एक बयान के अनुसार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में तैयार किए गए 'एआई फॉर ऑल' जागरूकता कार्यक्रम ने एक सप्ताह में 764187 ऑनलाइन पंजीकरण का विश्व कीर्तिमान स्थापित किया है। 'महाराणा प्रताप इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी' (एमपीआईटी) ने 'टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज' (टीसीएस) और अन्य संस्थानों के सहयोग से यह कार्यक्रम चलाया। बुधवार को 'गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड' के प्रतिनिधि ऋषि नाथ ने योगी आदित्यनाथ और टाटा संस के




चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन को इस कार्यक्रम के तहत पंजीकरण का विश्व कीर्तिमान रचे जाने का प्रमाण पत्र सौंपा। यह प्रमाण पत्र एमपीआईटी में पूर्वी उत्तर प्रदेश के पहले 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' के लोकार्पण समारोह के मंच पर सौंपा गया। एमपीआईटी ने 'एआई फॉर ऑल' जागरूकता कार्यक्रम के लिए पांच लाख पंजीकरण का लक्ष्य रखा था। इसके लिए निर्धारित तिथि नौ अप्रैल तक 764187 पंजीकरण हुए। इसके अंतर्गत दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय (गोरखपुर), महायोगी गुरु गोरखनाथ राज्य आयुष विश्वविद्यालय, एमपी पॉलिटेक्निक, आईटीएम गीडा, बीआईटी गीडा आदि को भी साझा पहल में शामिल किया गया। 'गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड' के प्रतिनिधि ने बताया कि ऑनलाइन पंजीकरण की प्रक्रिया को कड़े मानकों पर परखने के बाद प्रमाण पत्र सौंपा गया है।

## ग्रेटर नोएडा में विश्वविद्यालय कर्मचारियों का विरोध प्रदर्शन

### कड़ी निगरानी के बीच स्थिति शांत

**नोएडा (उत्तर प्रदेश) :** ग्रेटर नोएडा के दादरी स्थित एक निजी विश्वविद्यालय के कर्मचारियों ने वेतन वृद्धि की मांग को लेकर बुधवार को विरोध प्रदर्शन किया, जबकि पुलिस ने कहा कि प्रदर्शनकारियों के साथ बातचीत के बाद स्थिति को नियंत्रण में लाया गया। पुलिस ने बताया कि यहां स्थिति शांतिपूर्ण है। दादरी क्षेत्र में शिव नादर विश्वविद्यालय के प्रवेश द्वार के बाहर सड़क पर सैकड़ों पुरुष और महिला श्रमिकों ने धरना दिया तथा अपनी मांगों को लेकर नारेबाजी की। उन्होंने वेतन में वृद्धि और 'ओवरटाइम' भुगतान को दोगुना करने सहित कई अन्य मांग की। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि प्रदर्शनकारी वेतन वृद्धि संबंधी राज्य सरकार के प्रावधानों से अवगत थे। पुलिस ने सुबह 10 बजकर करीब 45 मिनट पर एक बयान जारी कर दावा किया कि विरोध प्रदर्शन समाप्त हो गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा, ''स्थिति शांतिपूर्ण बनी रही और श्रमिकों से की गई वार्ता के बाद सामान्य स्थिति बहाल हो गई। घटनास्थल पर कोई विरोध प्रदर्शन नहीं हो रहा है।'' इस बीच, गौतम बुद्ध नगर पुलिस ने बुधवार सुबह आयुक्तालय के अंतर्गत क्षेत्र भर में निगरानी बढ़ा दी और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कई संवेदनशील क्षेत्रों में पैदल गश्त की। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था) राजीव नारायण मिश्रा ने अन्य वरिष्ठ अधिकारियों और पुलिस कर्मियों के साथ मिलकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया तथा क्षेत्र में 'फ्लैग मार्च' किया गया।

### सम्राट 'थोपे गए' मुख्यमंत्री; नयी सरकार न लोकतांत्रिक, न गरिमापूर्ण : प्रशांत किशोर

**पूर्णिया :** जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर ने बुधवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बिहार की जनता पर नया मुख्यमंत्री थोप दिया है और राज्य में बनी नयी सरकार ''न तो लोकतांत्रिक है और न ही गरिमापूर्ण।'' पूर्णिया में किशोर ने संवाददाताओं से कहा, ''भाजपा ने बिहार में मुख्यमंत्री थोप दिया है। जनादेश नीतीश कुमार के नाम पर मिला था, लेकिन सम्राट चौधरी को पिछले दरवाजे से मुख्यमंत्री बना दिया गया। जिस तरीके से सरकार बनाई गई है, वह न तो लोकतांत्रिक है और न ही गरिमापूर्ण।'' उन्होंने यह आरोप भी दोहराया कि ''बिहार विधानसभा चुनाव में 202 सीट का जनादेश भी लोगों को सीधे नकदी बांटकर हासिल किया गया।''

## वर्ग पहेली नं. 3411

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | ■ | 4 | | 5 | ■ | 6 |
| ■ | ■ | 7 | | 8 | ■ | ■ | 9 | | |
| 10 | | | ■ | 11 | | 12 | ■ | ■ | |
| | ■ | ■ | 13 | | ■ | 14 | | 15 | |
| 16 | 17 | | | ■ | 18 | | ■ | | ■ |
| ■ | | ■ | 19 | | ■ | 20 | 21 | | 22 |
| 23 | | 24 | | ■ | 25 | ■ | | ■ | |
| 26 | | | ■ | 27 | | 28 | | ■ | |
| | ■ | 29 | | | ■ | 30 | | | |

*बायें से दायें:-* 1) घोटालेबाज़, 4) विश्वास, 7) अनैतिक, 9) भूगर्भज, 10) कोशिश, 11) लावण्यमय, 13) शोर, 14) जुगाड़िया, 16) लंबा सीधा रास्ता; *कारीडोर,* 18) मृत्युदंड, 19) विद्रूप, 20) रम्य, 23) स्वाद लेने का शब्द, 26) नाली, 27) समान, 29) रोकड़, 30) भेदभावहीनता.

*ऊपर से नीचे:-* 2) बहादुरी, 3) कम; कुछ, 5) प्रतिष्ठा, 6) अपरिचित, 8) नगर का भाग, 10) गंगा-यमुना संगम, 12) नाक से रक्तस्राव, 13) पल्लवयुक्त, 15) युवती, 17) गले लगाना, 21) सुंदर स्त्री, 22) बेमिसाल, 23) मेघविद्युत, 24) ग़लीचा, 25) अनुचित, 27) बुराई, 28) अधिकार.

*(उत्तरः अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बे | का | र | ■ | सू | ■ | कं | चा | ■ | दि |
| ■ | ट | ■ | ल | ती | फ़ा | ■ | त | स | ल्ली |
| ब | ना | व | ट | ■ | ल | प | क | ना | ■ |
| तं | ■ | ज़ | ■ | बा | तू | नी | ■ | त | थ्य |
| ग | ह | न | ■ | ई | ■ | र | ज | नी | ■ |
| ड़ | ■ | दा | ■ | स | भी | ■ | ल | ■ | गि |
| ■ | औ | र | त | ■ | म | द | द | गा | र |
| ■ | क्रा | ■ | य | ति | ■ | पं | ■ | ■ | गि |
| सं | त | री | ■ | ल | क्ष | ण | ■ | ऊँ | ट |

## सुडोकू-पहेली-3369

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | | 8 | 3 | | | | |
| | 1 | | | | | | | |
| | | | | | | 1 | | 7 |
| 3 | | | | 9 | | | 8 | |
| 1 | | 5 | 7 | | | | | |
| | | | | | | | 2 | 9 |
| | | | 4 | 7 | | | | |
| | | 2 | | 8 | | | | |
| | | 4 | 2 | | 9 | 6 | 1 | |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

सूडोकू पहेली - 3368का उत्तर

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 3 | 5 | 9 | 1 | 8 | 6 | 2 |
| 2 | 1 | 9 | 6 | 3 | 8 | 5 | 4 | 7 |
| 6 | 8 | 5 | 4 | 7 | 2 | 1 | 3 | 9 |
| 1 | 2 | 4 | 9 | 6 | 5 | 7 | 8 | 3 |
| 9 | 5 | 8 | 7 | 1 | 3 | 6 | 2 | 4 |
| 3 | 7 | 6 | 8 | 2 | 4 | 9 | 1 | 5 |
| 8 | 9 | 2 | 3 | 5 | 6 | 4 | 7 | 1 |
| 5 | 6 | 1 | 2 | 4 | 7 | 3 | 9 | 8 |
| 4 | 3 | 7 | 1 | 8 | 9 | 2 | 5 | 6 |

## दिल्ली के जमींदारों को मुंहतोड़ जवाब दें : ममता

❑ मुख्यमंत्री ने बंगाली नव वर्ष पर दी शुभकामनाएं



**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बंगाली नव वर्ष के अवसर पर लोगों को 'पोइला बोइशाख' की शुभकामनाएं दीं और मतदाताओं से आग्रह किया कि वे 'दिल्ली के जमींदारों' द्वारा लोगों के मतदान के अधिकार छीनने के प्रयासों का मुंहतोड़ जवाब दें। ममता ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट किया, जिसमें उन्होंने उम्मीद जताई कि बंगाली नव वर्ष लोगों के जीवन को किसी भी तरह के 'दाग-धब्बों से मुक्त' करेगा। उन्होंने बंगाल की सांस्कृतिक विरासत पर भी प्रकाश डाला और कहा कि यह राज्य सांप्रदायिक सद्भाव का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि कुछ 'दुर्भावनापूर्ण ताकतें' इस सद्भाव को बिगाड़ने की कोशिश कर रही हैं। उन्होंने 'दिल्ली के जमींदारों' पर लोगों के मतदान के अधिकार को छीनने का भी आरोप लगाया। ममता ने 'एक्स' पर पोस्ट में कहा कि याद रखें, हमें लोकतांत्रिक तरीके से उन्हें मुंहतोड़ जवाब देना होगा। उन्होंने एकता का आह्वान करते हुए लोगों से 'संकीर्ण सोच की दीवारों' को तोड़ने और विभाजनकारी तथा सत्तावादी ताकतों के खिलाफ एकजुट रहने का संकल्प लेने का आग्रह किया। उन्होंने मतदाताओं से आगामी विधानसभा चुनावों में तृणमूल कांग्रेस को वोट देकर अपने लोकतांत्रिक अधिकारों को बरकरार रखने की अपील भी की।

# आयोग ने बंगाल की मतदाता सूची से सिर्फ घुसपैठियों को हटाया, असली चुनौती उन्हें बाहर निकालना : अमित शाह

❑ **गृह मंत्री का दावा, सरकार बनते ही 45 दिन के भीतर सीमा पर बाड़ लगाने का काम कर लेंगे पूरा**

**कूचबिहार :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि निर्वाचन आयोग ने राज्य की मतदाता सूचियों से केवल घुसपैठियों को हटाया है, लेकिन बड़ा काम उन्हें देश की सीमाओं से बाहर निकालना होगा। शाह ने कहा कि सत्ता में आने पर भाजपा की सरकार देश की पूर्वी सीमाओं को इस तरह से सील कर देगी कि बाड़ के आसपास परिंदे भी पर नहीं मार सकेंगे। शाह ने कूचबिहार जिले के तूफानगंज में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि दीदी (ममता



बनर्जी) सीमा पर बाड़ लगाने के लिए आवश्यक 600 एकड़ जमीन सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) को नहीं देना चाहतीं। हमने फैसला किया है कि भाजपा की सरकार बनते ही हम 45 दिन के भीतर आवश्यक जमीन पर बाड़ लगाने का काम पूरा कर लेंगे। उन्होंने कहा कि और यह सिर्फ बाहरी लोगों को आने से रोकने की बात नहीं है। यह उन लोगों के बारे में भी है जो पहले ही घुसपैठ कर चुके हैं। निर्वाचन आयोग ने पश्चिम बंगाल की मतदाता सूची से केवल घुसपैठियों के नाम हटाए हैं, लेकिन बड़ा काम उन्हें देश की सीमाओं से बाहर निकालना होगा। उत्तर बंगाल के प्रति सौतेले रवैये का आरोप लगाते हुए शाह ने मुख्यमंत्री पर आरोप लगाया कि उनकी प्राथमिकताएं कुछ और हैं। उन्होंने कहा कि चार लाख करोड़ रुपये के कुल राज्य बजट में से उन्होंने मुसलमानों को 5,700 करोड़ रुपये दिए, लेकिन पूरे उत्तर बंगाल क्षेत्र के लिए केवल 1,200 करोड़ रुपये आवंटित किए। शाह ने घोषणा की कि बंगाल में भाजपा की सरकार बनने पर संविधान की आठवीं अनुसूची में राजबंशी भाषा को शामिल किया जाएगा और राज्य रिजर्व पुलिस बल में समुदाय की पूर्व नारायणी सेना मिलिशिया के सम्मान में एक नारायणी बटालियन का गठन किया जाएगा।

### बंगाल में जीत के बाद गोरखा मुद्दे के समाधान को प्राथमिकता देंगे : अमित शाह

**मालदह :** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि भाजपा राज्य में सत्ता में आने के बाद, दार्जिलिंग में गोरखा मुद्दे को हल करने को प्राथमिकता देगी और पूर्व के हिंसक आंदोलनों के लिए समुदाय के नेताओं और कार्यकर्ताओं के खिलाफ दर्ज सभी मामलों को वापस लेगी। शाह खराब मौसम की वजह से दार्जिलिंग पहाड़ियों में स्थित लेबोंग के ऊपरी इलाकों तक नहीं पहुंच पाए और उन्होंने सभा को मालदह से एक वीडियो संदेश के माध्यम से संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आज आप तक नहीं पहुंच पाने का मुझे गहरा खेद है। लेकिन मैं आपसे वादा करता हूं कि 21 अप्रैल को कुर्सियोंग के सुकना में होने वाली निर्धारित जनसभा में मैं आपसे प्रत्यक्ष तौरपर मिलूंगा, जहां मैं पहाड़ी क्षेत्रों के विकास की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा करूंगा और दार्जिलिंग के लोगों के लिए हमारी कई घोषणाओं की जानकारी दूंगा। उन्होंने कहा 5 मई को भाजपा की सरकार बनने के बाद, हम संवैधानिक दायरे में रहकर गोरखा मुद्दे का समाधान करेंगे। यह हमारी प्राथमिकता होगी।

# ममता सरकार की वजह से बंगाल के लोग केंद्रीय योजनाओं के लाभ से वंचित : सीतारमण

**पूर्व बर्दवान :** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की ओर से शुरू की गई कई कल्याणकारी योजनाओं का लाभ राज्य के लोगों को नहीं मिल पा रहा है, क्योंकि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी नीत सरकार ने राज्य में उनके कार्यान्वयन की अनुमति देने में आनाकानी की है। सीतारमण ने कहा कि बंगाल के लोगों को जिन केंद्रीय योजनाओं के लाभ से वंचित किया जा रहा है, उनमें आयुष्मान भारत, पीएम किसान और आवास योजना शामिल हैं। उन्होंने दावा किया कि तृणमूल कांग्रेस ने राज्य में आतंक का माहौल बना दिया है। पार्टी ने



पश्चिम बंगाल को बर्बाद कर दिया है। आपके हिस्से की राशि दिल्ली में तैयार थी, लेकिन तृणमूल सरकार ने इसे राज्य में खर्च करने की अनुमति नहीं दी। सीतारमण ने ममता सरकार पर बंगाल में कई योजनाओं के कार्यान्वयन के दौरान वित्तीय अनियमितताओं में लिप्त होने का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि राज्य में केवल सत्ताधारी पार्टी के 'सिंडिकेट' का हिस्सा होने से ही लाभ सुनिश्चित हो सकता है। वित्त मंत्री ने कहा कि बंगाल के गरीब लोगों को पीडीएस (सार्वजनिक वितरण प्रणाली) योजना का लाभ नहीं मिल रहा, जिसके तहत केंद्र की ओर से मुफ्त राशन दिया जाता है। राज्य के मंत्री इसके लिए आवंटित धनराशि हड़प रहे हैं। उन्होंने कहा कि बंगाल में स्कूल भर्ती और पीडीएस जैसे घोटाले हुए हैं, जिसके चलते केंद्रीय जांच एजेंसियों ने पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी और ज्योतिप्रिय मलिक को गिरफ्तार किया था। सीतारमण ने पूर्व बर्दवान जिले के कालना में भाजपा के हथकरघा और बुनकर प्रकोष्ठ के सूती बुनकर सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि यहां तक कि छात्रों के लिए मध्याह्न भोजन योजना के तहत आवंटित राशि का भी लाभार्थियों के फर्जी नामों का इस्तेमाल करके दुरुपयोग किया गया। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के शासन में लोगों को हर काम करवाने या कल्याणकारी योजनाओं का लाभ हासिल करने के लिए 'सिंडिकेट' को रुपये देने पड़ते हैं। सीतारमण ने कहा कि राज्य में भाजपा की सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि लोगों को सभी केंद्रीय कल्याणकारी योजनाओं के साथ-साथ नयी सरकार की ओर से शुरू की जाने वाली नयी योजनाओं का भी लाभ मिले। उन्होंने दावा किया कि इस बार विधानसभा चुनावों में बंगाल में 'सिंडिकेट राज' का खात्मा हो जाएगा।

## राज्यपाल की सुरक्षा व्यवस्था में बड़ा बदलाव, अब सीआईएसएफ संभालेगा जिम्मेदारी

**कोलकाता :** राज्यपाल की सुरक्षा व्यवस्था में बड़ा बदलाव किया गया है। अब तक उनकी सुरक्षा में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की तैनाती रहती थी, लेकिन अब उसकी जगह केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) को जिम्मेदारी सौंपी गई है। लोकभवन सूत्रों के अनुसार, यह बदलाव राज्यपाल के निर्देश के बाद लागू किया जा रहा है।

नई व्यवस्था के तहत राज्यपाल के दौरे के दौरान कोलकाता पुलिस के निजी सुरक्षा अधिकारी या कमांडो अब तैनात नहीं रहेंगे। उनकी जगह केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के जवान पूरी सुरक्षा की जिम्मेदारी संभालेंगे। यहां तक कि राज्यपाल के काफिले के साथ कोलकाता पुलिस की कोई सुरक्षा गाड़ी भी नहीं चलेगी।

हालांकि, कोलकाता पुलिस को पूरी तरह हटाया नहीं गया है। शहर के भीतर राज्यपाल के आवागमन के समय केवल एक पायलट गाड़ी आगे रहेगी और काफिले के अंत में एक वाहन मौजूद रहेगा। लेकिन काफिले के बीच की पूरी सुरक्षा व्यवस्था केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के हाथ में होगी।

इस नए सुरक्षा प्रोटोकॉल के लागू होने के बाद राज्यपाल की सुरक्षा व्यवस्था में बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है।

## विद्यासागर की प्रतिमा तोड़ने वाली पार्टी अब बंगाल के खान-पान के प्रति प्रेम दिखा रही है : अभिषेक बनर्जी

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अभिषेक बनर्जी ने बुधवार को भाजपा पर तीखा हमला करते हुए कहा कि 2019 में शहर के एक कॉलेज में समाज सुधारक ईश्वर चंद्र विद्यासागर की प्रतिमा तोड़ने के लिए जिम्मेदार पार्टी अब बंगाल और उसकी परंपराओं एवं खानपान के प्रति अपना प्रेम जताने के लिए मछली लेकर घूम रही है। दक्षिण 24 परगना जिले के बिष्णुपुर विधानसभा क्षेत्र में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव ने कहा कि जो लोग चुनाव से पहले अचानक बंगाली 'अस्मिता' के प्रति जागरूक हो जाते हैं, वे चुनाव के दौरान राज्य का दौरा करते हैं और फिर चार-पांच साल तक यहां के लोगों को भूल जाते हैं। अभिषेक ने कहा कि जिस पार्टी (भाजपा) के



नेता पंडित ईश्वरचंद्र विद्यासागर की प्रतिमा तोड़ने के पीछे थे, वही अब हाथों में मछली लेकर इलाकों में घूमते हुए वोट मांग रहे हैं। उन्होंने बिष्णुपुर में रैली को संबोधित करते हुए कहा कि वे अब बंगाली संस्कृति, हमारी विरासत और हमारे खानपान के प्रति झूठा प्रेम दिखा रहे हैं।

अभिषेक बनर्जी ने आरोप लगाया कि भाजपा ने राजग (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) शासित कई राज्यों में मछली और मांस के सेवन पर पाबंदियां लगाई हैं। उन्होंने कहा कि अगर वे (भाजपा) सत्ता में आते हैं, तो सबसे पहले मछली और मांस के खाने और बिक्री पर रोक लगाएंगे।

## न्यूटाउन में बहुमंजिला आवासनों के भीतर बने 5 मतदान केंद्र

### बूथ व्यवस्था पर उठे सवाल

**कोलकाता :** आगामी विधानसभा चुनाव से पहले न्यूटाउन में मतदान व्यवस्था को लेकर नई बहस छिड़ गई है। पहली बार शहर के बहुमंजिला आवासनों के भीतर ही 5 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जिससे यहां रहने वाले लोगों को वोट देने के लिए घर से बाहर नहीं निकलना पड़ेगा।

इन नए बूथों में कुल मतदाताओं की संख्या 3 हजार से अधिक बताई जा रही है। राजारहाट-न्यूटाउन विधानसभा क्षेत्र, जो शहरी, ग्रामीण और एनकेडीए क्षेत्रों को मिलाकर बना है, वहां पहले बूथों की संख्या सीमित थी। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में यहां केवल 1 नया बूथ जोड़ा गया था, जिससे कुल संख्या 316 हुई थी। लेकिन इस बार विधानसभा चुनाव में 4 और बूथ बढ़ाकर संख्या 320 कर दी गई है।

नए बनाए गए बूथों में न्यूटाउन एक्शन एरिया-3 स्थित 'यूनिवर्ल्ड सिटी' में 317 और 318 नंबर पार्ट के तहत दो केंद्र बनाए गए हैं, जहां लगभग 1300 मतदाता हैं। इसके पास 'रोजडेल' आवास में 319 नंबर बूथ पर करीब 150 मतदाता हैं, जबकि 'सुखबृष्टि' आवास में 320 नंबर बूथ पर 677 मतदाता पंजीकृत हैं।

हालांकि, इस नई व्यवस्था से जहां आवासनों के निवासियों में सुविधा को लेकर संतोष है, वहीं चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता और निष्पक्षता को लेकर कुछ हलकों में सवाल भी उठने लगे हैं।



घर बैठे मतदान की सुविधा का लाभ उठाते मतदाता-पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के बेलडांगा-1 ब्लॉक में 85 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांग मतदाताओं ने निर्वाचन आयोग की वैकल्पिक 'होम वोटिंग' सुविधा के तहत अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

# विधानसभा चुनाव : डीएम एवं एसपी को संवेदनशील इलाकों के निरीक्षण का निर्देश

### आयोग ने आज शाम तक प्रशासन से मांगी रिपोर्ट

**कोलकाता, समाज्ञा :** विधानसभा चुनाव से पहले चुनाव आयोग ने सख्त रुख अपनाते हुए जिला प्रशासन और पुलिस को संवेदनशील इलाकों का निरीक्षण करने का निर्देश दिया है। आयोग ने सभी जिलाधिकारियों, पुलिस आयुक्तों और पुलिस अधीक्षकों से कहा है कि वे हिंसा-प्रवण क्षेत्रों का दौरा कर 16 अप्रैल शाम 5 बजे तक विस्तृत रिपोर्ट सौंपें। आयोग के निर्देश के अनुसार, अधिकारियों को उन इलाकों और बूथों का विशेष रूप से निरीक्षण करना होगा जहां वर्ष 2021 के विधानसभा चुनाव, वर्ष 2023 के पंचायत चुनाव और वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव के दौरान हिंसा की घटनाएं सामने आई थीं। इसमें मतदान से पहले, मतदान के दौरान और मतदान के बाद हुई घटनाओं वाले क्षेत्रों को भी शामिल किया गया है। चुनाव आयोग ने यह भी निर्देश दिया है कि प्रत्येक मतदान केंद्र पर मोबाइल, सैटेलाइट और वायरलेस संचार व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत संपर्क स्थापित किया जा सके। जिलाधिकारी और पुलिस अधिकारी संयुक्त रूप से इन क्षेत्रों का दौरा करेंगे और चुनाव से पहले संचार व्यवस्था को पूरी तरह दुरुस्त करेंगे। आयोग ने मतदान कर्मियों के लिए दिशा-निर्देश दोहराते हुए निष्पक्षता पर जोर दिया है। स्पष्ट रूप से कहा गया है कि कोई भी कर्मचारी किसी राजनीतिक प्रभाव, उपहार या लाभ को स्वीकार नहीं करेगा। मतदान से पहले मॉक पोल कराना अनिवार्य किया गया है और ईवीएम तथा वीवीपैट मशीनों की जांच भी जरूरी होगी। मतदान के दौरान किसी भी अनियमितता की जानकारी तुरंत आयोग के ऐप या मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय को देनी होगी।

❑ **सभी थानों को लंबित गिरफ्तारी वारंट तत्काल निष्पादित करने का निर्देश**

इसी बीच, कोलकाता पुलिस ने भी सख्ती दिखाते हुए सभी थानों को लंबित गिरफ्तारी वारंट तत्काल निष्पादित करने का निर्देश दिया है। पुलिस को कहा गया है कि वारंट वाले आरोपितों को तुरंत गिरफ्तार किया जाए या फिर की गई कार्रवाई की जानकारी लालबाजार स्थित मुख्यालय को दी जाए। यह निर्देश जमानती और गैर-जमानती दोनों प्रकार के वारंट पर लागू होगा।

# 'मातृ शक्ति भरोसा कार्ड' को लेकर शशि पांजा ने भाजपा पर साधा निशाना

**कोलकाता, समाज्ञा :** भाजपा के 'गारंटी कार्ड' के जरिए आचार संहिता के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस ने कड़ा विरोध जताया है। साथ ही, राज्य की मंत्री शशि पांजा ने यह भी सवाल उठाया कि महिलाओं को आर्थिक सहायता देने का भाजपा का यह वादा कितना वास्तविक है और कितना महज एक छलावा। मंत्री शशि पांजा ने स्पष्ट कहा कि भाजपा की यह गतिविधि सीधे तौर पर चुनाव की आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है। उन्होंने सवाल उठाया कि भाजपा ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में महिलाओं को तीन हजार रुपये देने का वादा किया था, लेकिन अब स्मृति ईरानी द्वारा जो कार्ड सौंपा जा रहा है, वह




सीधे तौर पर आचार संहिता का उल्लंघन करता है। शशि पांजा ने यह भी कहा कि महिला वोटरों को आकर्षित करने के लिए 'मातृशक्ति गारंटी कार्ड' के माध्यम से पैसे देने का भाजपा का वादा पूरी तरह भ्रामक है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि दिल्ली में भी महिलाओं के खाते में 2,500 रुपये देने का वादा भाजपा ने किया था, लेकिन सरकार बनने के बाद वहां की महिलाओं को वह राशि नहीं मिली। वहीं, बिहार चुनाव से पहले महिलाओं को एकमुश्त 10 हजार रुपये देने का वादा किया गया था। चुनाव समाप्त होने के बाद बिहार की भाजपा सरकार अब उस पैसे को वापस मांग रही है। महिलाओं की सुरक्षा और आर्थिक स्थिरता को लेकर भाजपा के दावों पर भी शशि पांजा ने सवाल उठाते हुए कहा कहा कि पूर्व मंत्री स्मृति ईरानी के जरिए जो सुरक्षा का दावा किया जा रहा है, उसकी हकीकत भी सामने आनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंत्रिपरिषद के 71 मंत्रियों में से 28 के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें से 19 पर महिलाओं से जुड़े अपराधों के आरोप हैं। उन्होंने आगे कहा कि जिन 'डबल इंजन' राज्यों के मुख्यमंत्री बंगाल में आकर प्रचार कर रहे हैं, वे राज्य महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामलों में शीर्ष पर हैं। इसके बावजूद, भाजपा किस तरह बंगाल की महिलाओं को भ्रमित करने के लिए झूठा प्रचार कर रही है, यह भी आज स्पष्ट हो गया है।

# पहले चरण के मतदान में 40 हजार से अधिक राज्य पुलिस तैनात

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के पहले चरण को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के लिए चुनाव आयोग ने व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की घोषणा की है। आयोग के अनुसार, पहले चरण के मतदान में कुल 40,928 राज्य पुलिसकर्मी और अधिकारी तैनात किए जाएंगे। हालांकि, केंद्रीय बलों की तुलना में राज्य पुलिस की संख्या कम है, फिर भी स्थानीय स्तर पर कानून-व्यवस्था बनाए रखने में इनकी अहम भूमिका होगी।

आयोग द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक, उत्तर बंगाल के विभिन्न जिलों में भी व्यापक तैनाती की गई है। दार्जिलिंग में 1170, कालिम्पोंग में 627, अलीपुरद्वार में 1159, जलपाईगुड़ी में 1467, कूचबिहार में 2370, सिलीगुड़ी पुलिस कमिश्नरेट में 1290 और मालदा में 2818 पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे।

मुर्शिदाबाद जिले में सबसे अधिक पुलिस बल की तैनाती की गई है। यहां मुर्शिदाबाद पुलिस जिले में 4216 और जंगीपुर पुलिस जिले में 1550 पुलिसकर्मी चुनाव ड्यूटी में रहेंगे। इसी तरह उत्तर दिनाजपुर को भी दो पुलिस जिलों-इस्लामपुर और रायगंज-में विभाजित कर तैनाती की गई है, जहां क्रमशः 1119 और 1004 पुलिसकर्मी जिम्मेदारी संभालेंगे।

जंगलमहल और पश्चिमी जिलों में भी सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। झाड़ग्राम में 1108, पुरुलिया में 3005, बांकुड़ा में 3127 और बीरभूम में 3248 पुलिसकर्मी तैनात किए जाएंगे। इसके अलावा, 23 अप्रैल को होने वाले मतदान के मद्देनजर पूर्व और पश्चिम मेदिनीपुर तथा पश्चिम बर्धमान जिलों में भी बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया जाएगा। पूर्व मेदिनीपुर में 3981, पश्चिम मेदिनीपुर में 3327 और आसनसोल-दुर्गापुर पुलिस कमिश्नरेट क्षेत्र में 3127 पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे।

चुनाव आयोग का कहना है कि संवेदनशील और अति-संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान कर वहां अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं। साथ ही, मतदान के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी, हिंसा या कानून-व्यवस्था बिगड़ने की स्थिति से निपटने के लिए विशेष निगरानी और त्वरित कार्रवाई की व्यवस्था भी की गई है।

### पहले चरण के मतदान में केंद्रीय बलों की 2,407 टुकड़ियां होगी तैनात

**कोलकाता, समाज्ञा :** निर्वाचन आयोग विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए 23 अप्रैल को केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की 2,407 टुकड़ियां तैनात करेगा। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को बताया कि सबसे अधिक बल मुर्शिदाबाद जिले में तैनात किए जाने की संभावना है। अधिकारी ने बताया कि मुर्शिदाबाद में सबसे अधिक 316 टुकड़ियां तैनात की जाएंगी, जिनमें 240 मुर्शिदाबाद पुलिस जिले और 76 जंगीपुर में होंगी। अधिकारी ने कहा कि पहले चरण में केंद्रीय बलों की कुल 2,407 टुकड़ियां तैनात की जा रही हैं। मतदाताओं को निर्भय होकर मतदान करने का अवसर मिले, इसके लिए विस्तृत आकलन के बाद यह तैनाती की गई है। उन्होंने बताया कि पूर्व मेदिनीपुर जिले में दूसरी सबसे अधिक 273 टुकड़ियां तैनात की जाएंगी। आयोग ने उत्तर दिनाजपुर को दो पुलिस जिलों में बांटा है, जहां इस्लामपुर में 61 और रायगंज में 71 टुकड़ियां तैनात की जाएंगी। अन्य प्रमुख तैनातियों में आसनसोल-दुर्गापुर पुलिस आयुक्तालय में 125 और सिलीगुड़ी पुलिस आयुक्तालय में 44 टुकड़ियां शामिल हैं। उत्तर बंगाल के दार्जिलिंग में 61, कलिम्पोंग में 21, जलपाईगुड़ी में 92 और अलीपुरद्वार में 77 टुकड़ियां तैनात की जाएंगी।

## शुभेंदु ने तृणमूल पर बंगाल में 'अरबी संस्कृति' थोपने का आरोप लगाया

**कोलकाता, समाज्ञा :** भाजपा के वरिष्ठ नेता शुभेंदु अधिकारी ने बुधवार को तृणमूल कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला करते हुए उस पर राज्य में 'अरबी संस्कृति' थोपने का आरोप लगाया। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा राज्य को 'बंगाली हिंदुओं की मातृभूमि' के रूप में संरक्षित करने के लिए प्रतिबद्ध है। पोइला बैसाख (बंगाली नव वर्ष) के अवसर पर 'मातृशक्ति भरोसा कार्ड' की शुरुआत करते हुए शुभेंदु अधिकारी ने आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार राज्य की सनातन विरासत को व्यवस्थित रूप से कमजोर कर रही है। उन्होंने कहा कि हम उर्दू भाषा और महिलाओं को घूंघट में रखने वाली संस्कृति को थोपने का प्रयास देख रहे हैं। यह स्वामी विवेकानंद और श्री चैतन्य की भूमि पर हमला है।



शुभेंदु अधिकारी ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी की विरासत का हवाला देते हुए कहा कि उन्हीं के प्रयासों के कारण 1947 में पश्चिम बंगाल भारत का हिस्सा बना रहा। शुभेंदु अधिकारी ने मीडिया से कहा कि जिन्ना इस भूमि को पाकिस्तान के लिए चाहते थे, लेकिन मुखर्जी और स्वामी प्रणवानंद महाराज ने यह सुनिश्चित किया कि यह भारत के पास ही रहे। इस नव वर्ष पर, हम इस बंगाली हिंदू मातृभूमि की रक्षा करने और अपनी माताओं और बहनों के खिलाफ 'लव जिहाद' जैसे अत्याचारों को हमेशा के लिए समाप्त करने का संकल्प लेते हैं। पार्टी के 'संकल्प पत्र' का उल्लेख करते हुए, शुभेंदु अधिकारी ने इसे विश्वास का दस्तावेज बताया, जिसका उद्देश्य देश की सांस्कृतिक राजधानी के रूप में बंगाल की खोई हुई प्रतिष्ठा को पुनर्स्थापित करना है।

### सुप्रीम कोर्ट में महंगाई भत्ता विवाद से जुड़ी याचिका पर सुनवाई टली, अगली सुनवाई 6 मई को



**नयी दिल्ली/कोलकाता :** राज्य सरकार द्वारा राज्य कर्मचारियों को महंगाई भत्ता दिए जाने के सुप्रीम कोर्ट के फैसले में संशोधन के लिए दायर याचिका पर बुधवार को सुनवाई टल गई। सरकार ने कर्मचारियों के डीए पेमेंट की समय सीमा बढ़ाने की मांग की है लेकिन इस मामले में बुधवार को सुनवाई नहीं हो पाई। अब इस मामले की अगली सुनवाई 6 मई को होगी। दरअसल, ममता बनर्जी सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से समय सीमा बढ़ाने की मांग की है। सरकार का कहना है कि उन्होंने कोर्ट के निर्देशों का पालन करते हुए कई कदम पहले ही उठा लिए हैं। सुनवाई के दौरान वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने पश्चिम बंगाल सरकार की तरफ से दलील रखते हुए कहा कि कमेटी की सिफारिशों को मान लिया गया है और करीब 6000 करोड़ रुपये का भुगतान कर्मचारियों को किया जा चुका है। उन्होंने यह भी कहा कि कमेटी ने बाकी बचे मामलों की जानकारी इकट्ठा करने और आगे भुगतान करने की प्रक्रिया जारी रखने को कहा है, जिस पर सरकार काम कर रही है। इस बीच, कर्मचारी संगठनों ने सरकार पर आरोप लगाया है कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पूरी तरह पालन नहीं किया गया है। उन्होंने अदालत में अवमानना याचिका दाखिल कर दी है, जिसमें कहा गया है कि तय समय सीमा के भीतर भुगतान नहीं किया गया।

# बंगाल का पुराना गौरव हासिल करने के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी : राज्यपाल रवि



**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्यपाल आरएन रवि ने राज्य की खोई प्रतिष्ठा को फिर से हासिल करने के लिए बुधवार को सामूहिक प्रयास का आह्वान किया। उन्होंने साथ ही लोगों से, खासकर युवाओं से सकारात्मक बदलाव में भागीदारी कर राज्य की ताकत को पुनर्स्थापित करने की अपील की। रवि ने लोक भवन में 'पोइला बोइशाख' (बांग्ला नव वर्ष) के उपलक्ष्य में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल कभी देश के अग्रणी आर्थिक और बौद्धिक केंद्रों में शुमार था, लेकिन सथ ही राज्य की मौजूदा आर्थिक और शैक्षणिक स्थिति पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता के समय और उसके बाद के दशकों में बंगाल देश की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में शामिल था। 1960 के दशक में राष्ट्रीय सकल घरेलू उत्पाद में इसका योगदान 10 प्रतिशत से भी अधिक था। उस दौर में न तमिलनाडु, न कर्नाटक और न ही गुजरात इस तरह उभरकर सामने आए थे। यह उद्योग, उद्यम, बौद्धिकता और सांस्कृतिक जीवंतता से परिपूर्ण एक समृद्ध भूमि थी। दशकों में आए बदलावों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि 1980 तक केवल चार राज्यों की प्रति व्यक्ति आय बंगाल से अधिक थी, लेकिन आज ऐसे राज्यों की संख्या बढ़कर 15 हो गई है। राष्ट्रीय आय में पश्चिम बंगाल की हिस्सेदारी 10.6 प्रतिशत से घटकर करीब पांच प्रतिशत रह गई है। राज्यपाल ने कहा कि पोइला बोइशाख 2026 संकल्प का दिन है। विपरीत परिस्थितियों के बावजूद हमें अपना सर्वश्रेष्ठ देना होगा। निराशा कोई विकल्प नहीं है। उन्होंने कहा कि राज्य को जागना होगा और अपनी ऊर्जा व विरासत को फिर से हासिल करना होगा। यह मां दुर्गा की भूमि है। हम इसे पुनः गौरव दिलाएंगे। राज्यपाल ने विश्वास जताया कि राज्य अपनी पुरानी पहचान फिर हासिल करेगा और भारत की वैश्विक विकास यात्रा में अग्रणी भागीदार बनेगा।

### राज्यपाल ने बंगाली नव वर्ष की दी शुभकामनाएं, कालीघाट मंदिर में की पूजा-अर्चना



राज्यपाल आर. एन. रवि ने बंगाली नव वर्ष के अवसर पर राज्यवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। पोइला बोइशाख के पावन अवसर पर जारी अपने संदेश में उन्होंने राज्य के सभी लोगों के सुख, समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। साथ ही, इस दिन, राज्यपाल पारंपरिक बंगाली पोशाक धोती और कुर्ता में पत्नी के साथ कालीघाट स्थित काली मंदिर गए और पूजा-अर्चना की। राज्यपाल ने कहा कि यह जीवंत उत्सव बंगाल की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, गहरी परंपराओं और अदम्य चेतना का प्रतीक है। उन्होंने आशा जताई कि नया वर्ष हर परिवार के जीवन में खुशहाली और समृद्धि लेकर आएगा। अपने संदेश में उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वे वीर शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों के सपनों का 'सोनार बांग्ला' बनाने के लिए एकजुट होकर संकल्प लें। उन्होंने कहा कि यह नववर्ष राज्य में बहुप्रतीक्षित नवजागरण का मार्ग प्रशस्त करे और लोगों के गौरव को पुनर्स्थापित करे। राज्यपाल ने अंत में कामना की कि यह नया साल पश्चिम बंगाल की पवित्र भूमि और यहां के लोगों के सम्मान और प्रतिष्ठा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाए।

## जोड़ासांको में तृणमूल प्रत्याशी विजय उपाध्याय के समर्थन में विशाल सभा आयोजित



**कोलकाता, समाज्ञा :** जोड़ासांको क्षेत्र से तृणमूल कांग्रेस विजय उपाध्याय के समर्थन में महेश्वरी बंधुओं द्वारा महेश्वरी भवन सभागार में एक विशाल जनसभा का आयोजन किया गया। सभा में बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति रही और सभागार खचाखच भरा रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता बुलाकी दास मिमाणी ने की। सभा को संबोधित करते हुए प्रत्याशी विजय उपाध्याय की सुपुत्री नेहा उपाध्याय बागड़ीं ने अपने पिता की जनसेवा, समर्पण और अन्याय व शोषण के खिलाफ उनके संघर्ष से जुड़े अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि उनके पिता सदैव समाज के हर वर्ग के लिए समर्पित भाव से कार्य करते रहे हैं।

इस अवसर पर विजय उपाध्याय ने अपने संबोधन में कहा कि उन्हें जनता का आशीर्वाद मिला तो वे पहले की तरह सभी समाज के लोगों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर क्षेत्र के विकास कार्यों को आगे बढ़ाते रहेंगे। कार्यक्रम में समाजसेवी सुरेश डागा, घनश्याम सारडा सहित कई गणमान्य लोगों ने भी अपने विचार व्यक्त किए और प्रत्याशी के समर्थन में अपील की। सभा के दौरान विजय उपाध्याय को शिव परिवार की तस्वीर भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सुशील कोठारी, गज्जु चाण्डक एवं हरिनारायण भट्टड़ ने संयुक्त रूप से कुशलतापूर्वक किया।

## पोइला बैसाख पर ठंठनिया काली मंदिर के समीप सेवा एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन



**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल जायसवाल युवा मंच - क्षेत्र विधान सरणी एवं जायसवाल संरक्षक संघ के संयुक्त तत्वावधान में 15 अप्रैल को पोइला बैसाख (बंगला नववर्ष) के पावन अवसर पर ठंठनिया काली मंदिर के समीप पूजन हेतु पधारे श्रद्धालुओं के लिए ग्लूकोज एवं शीतल पेयजल सेवा शिविर तथा ब्लड शुगर एवं ब्लड प्रेशर जांच शिविर का सफल आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु दरी एवं धूप से बचाव के लिए बड़ी छतरियों की व्यवस्था की गई। साथ ही की-रिंग भी वितरित किए गए। श्रद्धालुओं एवं राहगीरों सहित कुल 200 लोगों ने अपने शुगर एवं बी.पी. की जांच करवाई। इस सफल आयोजन के पीछे क्षेत्र अध्यक्ष:अमित (विक्की) जायसवाल, पंकज जायसवाल, जितेन्द्र जायसवाल, प्रधान संरक्षक - अनिल साईं जायसवाल , संरक्षक संघ के महासचिव: राजेश जायसवाल , केंद्रीय अध्यक्ष: सुमित जायसवाल संरक्षक संघ एवं युवा मंच से: अवधेश शॉ, राजीव जायसवाल, अक्षय जायसवाल, प्रभात जायसवाल, सीताराम जायसवाल, उमेश गुप्ता, द्वारका प्रसाद जायसवाल, विजय शॉ, सुरेश जायसवाल, हरीश जायसवाल, राजीव जायसवाल (वी.आर), महेन्द्र जायसवाल, जवाहर जायसवाल, रामफूल जायसवाल, लेडीज विंग से पुष्पा गुप्ता, अंजना जायसवाल, पूजा शॉ, पुजिता जायसवाल, स्वेता जायसवाल, क्षेत्र बहूबाजार से राजेश शॉ, संतोष जायसवाल, अभिषेक जायसवाल, रिकी गुप्ता, धीरज जायसवाल, मानिकतल्ला से अभिषेक जायसवाल, मयूर जायसवाल, दीपक जायसवाल, शिवनारायण जायसवाल, चेतन जायसवाल, राकेश जायसवाल, सुधांशु जायसवाल, चलता बगान से गणेश जायसवाल, जे.पी. जायसवाल, विधान सरणी से ओमप्रकाश जायसवाल, अमित (बंधूजी), आशीष गुप्ता, नवीन गुप्ता, गोपाल जायसवाल, भास्कर जायसवाल, प्रभाकर जायसवाल, आदर्श जायसवाल, कृष्णा जायसवाल (उद्दिता), अमन जायसवाल, सुरेश गुप्ता, आकाश जायसवाल, मनोज जायसवाल, तिलक प्रसाद जायसवाल, धर्मराज जायसवाल, सोनू जायसवाल और अन्य सदस्य तथा समाज के विशिष्ट समाजसेवियों की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम को और भी सफल एवं सार्थक बनाया।

## ईश्वर की साधना, मोक्ष मार्ग सरल है

**❑ सत्संग से भक्तों के जीवन में धार्मिक निष्ठा बढ़ती है, अच्छे संस्कार जागृत होते हैं**



**कोलकाता :** ब्रह्मलीन स्वामी विश्वदेवानंद महाराज के निर्वाण दिवस पर सत्संग भवन में आचार्य श्रीकांत शास्त्री, युवाचार्य डॉ. आकाश शर्मा, श्रीराम कथावाचक पुरुषोत्तम तिवारी, गौरा कृष्ण महाराज, वरिष्ठ पत्रकार जगमोहन जोशी ने कहा स्वामी विश्वदेवानंद महाराज ने अध्यात्मिक, दार्शनिक, सांस्कृतिक वांग्मय अध्ययन कर बसुधैव कुटुम्बकम, जनकल्याण की भावना से श्रद्धालु भक्तों का जीवनपर्यन्त मार्गदर्शन किया। ईश्वर की साधना, मोक्ष मार्ग सरल है। सत्संग से भक्तों के जीवन में धार्मिक निष्ठा बढ़ती है, अच्छे संस्कार जागृत होते हैं। अज्ञान रूपी अंधकार से ज्ञान रूपी प्रकाश को प्राप्त करने के लिये सन्त - महात्मा का सानिध्य जरूरी है। स्वामी विश्वदेवानंद महाराज के बताए सत्मार्ग का अनुसरण करना सच्ची श्रद्धांजलि है। सत्संग भवन के ट्रस्टी पण्डित लक्ष्मीकान्त तिवारी, शकुन्तला तिवारी, दीपक मिश्रा, सत्यनारायण भट्टड़, प्रदीप आसोपा, मुकेश शर्मा, पवन तोदी, समाजसेविका ज्योति वर्मा, समाजसेवी डॉ. अशोक पोद्दार, प्रकाश खेतान, मनोज पराशर, शंकरलाल सोमानी, पवन भट्टड़, बुलाकीदास मिमानी ने स्वामी विश्वद-वानंद महाराज के चित्र पर पुष्प अर्पित कर पूजन किया। संचालन राजेन्द्र कुमार सोनी, धन्यवाद ज्ञापन शंकर शर्मा ने किया। राजू शर्मा, अशोक शुक्ला, अरुणा अग्रवाल, अशोक तिवारी, अभय पांडेय एवं कार्यकर्ता आयोजन की सफलता के लिये सक्रिय रहे।

### बिधाननगर के पूर्व तृणमूल पार्षद गिरफ्तार, निर्मल दत्ता पर मतदाताओं को डराने का आरोप

**कोलकाता :** विधानसभा चुनाव से पहले बिधाननगर में तृणमूल कांग्रेस के पूर्व पार्षद निर्मल दत्ता को गिरफ्तार किया गया है। उन पर मतदाताओं को डराने और प्रभावित करने का आरोप लगा है। इस मामले में भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार शारद्वत मुखोपाध्याय ने चुनाव आयोग और पुलिस प्रशासन से शिकायत की थी।

बताया गया है कि 13 अप्रैल को सॉल्टलेक में आयोजित एक सभा में निर्मल दत्ता के कथित बयान के बाद विवाद शुरू हुआ। आरोप है कि उन्होंने सार्वजनिक मंच से मतदाताओं को धमकी दी, जिसके बाद मामला तूल पकड़ गया। भाजपा उम्मीदवार शारद्वत मुखोपाध्याय ने बिधान-नगर पुलिस आयुक्त से मिलकर लिखित शिकायत दर्ज कराई और चुनाव आयोग में भी मामला उठाया।

शिकायत के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 24 घंटे के भीतर निर्मल दत्ता को गिरफ्तार कर लिया। उन्हें आज बिधाननगर अदालत में पेश किया गया, जहां अदालत ने 10 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेजने का निर्देश दिया।

उल्लेखनीय है कि निर्मल दत्ता की पत्नी बिधाननगर के वार्ड संख्या 38 की वर्तमान तृणमूल पार्षद हैं। चुनाव से पहले इस कार्रवाई को लेकर इलाके में राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है।

## हेरीटेज लॉ कॉलेज में अंबेडकर जयंती पर संविधान आधारित कार्यक्रम



**कोलकाता, समाज्ञा :** हेरिटेज लॉ कॉलेज में अंबेडकर जयंती के अवसर पर एक गरिमामय एवं प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान भारत के संविधान के शिल्पकार डॉ. भीमराव अंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत 'वंदे मातरम्' के गायन से हुई, जिसके बाद कॉलेज के निदेशक प्रो. एस. एस. चटर्जी ने संबोधित करते हुए डॉ. अंबेडकर के विचारों की आज के समय में प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने समाज में संवैधानिक मूल्यों को बनाए रखने की आवश्यकता पर जोर दिया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने सामूहिक रूप से संविधान की प्रस्तावना का पाठ किया और न्याय, समानता, स्वतंत्रता तथा बंधुत्व के मूल्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रम में संविधान, शासन व्यवस्था और डॉ. अंबेडकर के जीवन पर आधारित इंटर-सेमेस्टर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस आयोजन में विद्यार्थियों और शिक्षकों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली, जो संस्थान की संवैधानिक जागरूकता और सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

### शाओमी का नया दांव, रेडमी ए7 प्रो 5जी बड़े डिस्प्ले और पावरफुल बैटरी के साथ लॉन्च

**कोलकाता, समाज्ञा :** शाओमी इंडिया ने रेडमी ए7 प्रो 5जी स्मार्टफोन लॉन्च किया है, जो रेडमी ए सीरीज का पहला 'प्रो' मॉडल है। कंपनी के अनुसार, यह डिवाइस बड़े 6.9-इंच डिस्प्ले और 120एचजेड रिफ्रेश रेट के साथ सेगमेंट में बेहतर विजुअल अनुभव प्रदान करता है। फोन में 6300एमएएच की दमदार बैटरी दी गई है, जो लंबे समय तक उपयोग के लिए डिज़ाइन की गई है। इसके साथ 15डबल्यू चार्जिंग और 7.5डबल्यू रिवर्स चार्जिंग सपोर्ट मिलता है। रेडमी ए7 प्रो 5जी में ऑक्टा-कोर 5जी प्रोसेसर, 8जीबी तक वर्चुअल रैम और हाईपरओएस 3.0 दिया गया है, जिससे मल्टीटास्किंग और स्मार्ट फीचर्स बेहतर होते हैं। फोटोग्राफी के लिए इसमें 32एमपी आई ड्यूल रियर कैमरा और 8एमपी फ्रंट कैमरा मौजूद है।

### वीवो टी5 प्रो लॉन्च, 9020 एमएएच बैटरी और दमदार परफॉर्मेंस के साथ बाजार में उतरा

कोलकाता, समाज्ञा : वीवो इंडिया ने अपनी परफॉर्मेंस आधारित टी सीरीज के तहत नया स्मार्टफोन वीवो टी5 प्रो लॉन्च किया है। यह स्मार्टफोन खास तौर पर उन यूजर्स के लिए पेश किया गया है, जो लंबी बैटरी लाइफ, तेज स्पीड और स्मूद गेमिंग अनुभव चाहते हैं। वीवो टी5 प्रो में कंपनी की अब तक की सबसे बड़ी 9020 एमएएच बैटरी दी गई है, जो 90 वॉट फास्ट चार्जिंग सपोर्ट के साथ आती है और कम समय में ज्यादा चार्ज होकर लंबा बैकअप देती है। यह स्मार्टफोन स्नैपड्रैगन 7एस जेन 4 प्रोसेसर से लैस है, जो लगभग 12 लाख एंटुटू स्कोर के साथ तेज और स्थिर परफॉर्मेंस देता है। डिस्प्ले की बात करें तो इसमें 144 हर्ट्ज रिफ्रेश रेट वाला 1.5के एमोलेड डिस्प्ले दिया गया है, जिसकी पीक ब्राइटनेस 5000 निट्स तक है।

### पूर्व रेलवे में डॉ. बी.आर. अंबेडकर की 135वीं जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने भारत रत्न डॉ बी.आर अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर अपने मुख्यालय फेयरली प्लेस में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान महाप्रबंधक मिलिंद देउस्कर ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और डॉ. अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। कार्यक्रम में अतिरिक्त महाप्रबंधक शीलेंद्र प्रताप सिंह, प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी डॉ महुआ वर्मा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की। अपने संबोधन में महाप्रबंधक ने डॉ. अंबेडकर की संविधान निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका और समाज के वंचित वर्गों के उत्थान के लिए उनके योगदान को रेखांकित किया। उन्होंने शिक्षा और आर्थिक सशक्तिकरण के प्रति डॉ. अंबेडकर की प्रतिबद्धता को विशेष रूप से उल्लेखनीय बताया। इस अवसर पर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया, जिसमें डॉ. अंबेडकर के जीवन और योगदान को प्रस्तुत किया गया। पूर्व रेलवे के हावड़ा, सियालदह, आसनसोल और मालदह मंडलों के साथ-साथ कांचरापाड़ा, लिलुआ और जमालपुर कार्यशा-लाओं में भी डॉ. अंबेडकर की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई।

## डीपीएस रूबी पार्क के छात्रों ने कक्षा 10वीं में फिर मारी बाजी, शत-प्रतिशत रिजल्ट

**कोलकाता, समाज्ञा :** दिल्ली पब्लिक स्कूल, रूबी पार्क, कोलकाता ने कक्षा 10वीं की परीक्षा में शत-प्रतिशत परिणाम हासिल कर एक बार फिर उत्कृष्टता का परिचय दिया है। स्कूल के सभी छात्र सफल रहे, जिससे विद्यालय में खुशी का माहौल है। अंकों के आंकड़ों के अनुसार, 100 से 90 प्रतिशत के बीच 329 छात्र, 89 से 80 प्रतिशत में 100 छात्र, 79 से 75 में 24 छात्र, 74 से 70 में 7 छात्र, 69 से 60 में 6 छात्र और 59 से 50 प्रतिशत श्रेणी में 1 छात्र शामिल रहा। यहां कुल 329 छात्रों (70.45%) ने 90% से अधिक अंक प्राप्त किए, जबकि 429 छात्रों (91.86%) ने 80% से अधिक अंक हासिल किए। मेधावी छात्रों में जैशा जमान ने 99.80% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। द्वितीय स्थान पर स्वास्तिक सिंह, आदित्य पाल, अर्नव सिंह और आयुषी सेन ने 99.60% अंक प्राप्त किए। वहीं, तृतीय स्थान पर तथागत घोष, अग्रिमा सिंघल और अनुभव मैती ने 99.40% अंक हासिल किए। डीपीएस रूबी पार्क की प्राचार्या ज्योति चौधरी ने कक्षा 10 के शानदार परिणाम पर खुशी जताते हुए कहा कि यह पूरे विद्यालय के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने बताया कि 329 छात्रों (70.4%) ने 90% या उससे अधिक अंक हासिल किए हैं। इस सफलता का श्रेय उन्होंने छात्रों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और विद्यालय की शिक्षा प्रणाली को दिया। साथ ही, उन्होंने दूसरी बोर्ड परीक्षा को एक सकारात्मक पहल बताते हुए सभी सफल छात्रों और शिक्षकों को बधाई दी।

### रूबी पार्क पब्लिक स्कूल का शानदार प्रदर्शन, सीबीएसई कक्षा 10 में 100% रिजल्ट

**कोलकाता, समाज्ञा :** रूबी पार्क पब्लिक स्कूल ने सीबीएसई कक्षा 10 बोर्ड परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए एक बार फिर शैक्षणिक उत्कृष्टता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता साबित की है। विद्यालय ने 100% परिणाम के साथ 88.08% का प्रभावशाली औसत दर्ज किया। इस वर्ष अन्विता यादव ने 98.2% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि निलोय बासु ने 97.6% अंकों के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं, अनुष्का पाल और तेजस भारद्वाज ने 97.4% अंक हासिल कर संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के अनुसार, 14 छात्रों ने 95% से अधिक अंक प्राप्त किए, 34 छात्रों ने 90% से अधिक अंक हासिल किए, जबकि 10 विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों में 100% अंक प्राप्त कर उल्लेखनीय सफलता हासिल की। विद्यालय प्रबंधन ने इस उपलब्धि का श्रेय विद्यार्थियों की मेहनत, अनुशासन और समर्पण के साथ-साथ शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के सहयोग को दिया।

## दक्षिण पूर्व रेलवे मुख्यालय में डॉ. अंबेडकर जयंती पर भावभीनी श्रद्धांजलि



**दक्षिण पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक अनिल कुमार जैन ने गार्डन रीच स्थित मुख्यालय में डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।**

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण पूर्व रेलवे के मुख्यालय में बुधवार को भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर दक्षिण पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक अनिल कुमार जैन ने डॉ. अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। समारोह के दौरान अतिरिक्त महाप्रबंधक सौमित्र मजूमदार, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी एम.के. प्रसाद सहित विभिन्न विभागों के प्रधान प्रमुख, वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारियों ने भारतीय संविधान के शिल्पकार डॉ. बी.आर. अंबेडकर को नमन किया। इस अवसर पर अधिकारियों, कर्मचारियों तथा एससी/एसटी एवं विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी। पूरा कार्यक्रम शांत, गरिमामय और श्रद्धामय वाता-वरण में संपन्न हुआ।

### चुनावी माहौल के बीच आसनसोल में तृणमूल सांसद के लापता होने का लगा पोस्टर



**आसनसोल :** आसनसोल में चुनावी माहौल के बीच एक नया राजनीतिक विवाद सामने आया है। वार्ड 78 के केएस टाइप इलाके में शत्रुघ्न सिन्हा के 'लापता' होने का पोस्टर लगाए जाने से सियासी हलचल तेज हो गई है। यह पोस्टर आसनसोल सिटीजन फोरम की ओर से लगाया गया बताया जा रहा है, जिसमें लिखा है कि शर्म की बात है, आसनसोल के सांसद विलुप्त हो गए हैं। विधानसभा चुनाव के दौरान विकास कहां है? धिक्कार ऐसी सांसद पर। इस पोस्टर के सामने आने के बाद पूरे आसनसोल में राजनीतिक चर्चाएं तेज हो गई हैं। विपक्षी दल इस मुद्दे को लेकर सांसद और सत्तारूढ़ पार्टी पर निशाना साध रहे हैं और इसे जनता की नाराजगी का प्रतीक बता रहे हैं। वहीं, दूसरी ओर तृणमूल कांग्रेस ने इस पूरे मामले को विपक्ष की साजिश करार दिया है।

## चुचुड़ा में चुनाव प्रचार के दौरान नाराज स्मृति ईरानी शोभायात्रा बीच में छोड़कर लौटीं

### प्रभारी एवं जिलाध्यक्ष रहे नदारद, अव्यवस्था का आरोप

**हुगली, समाज्ञा :** विधानसभा चुनाव के बीच बंगाली नव वर्ष के अवसर पर जिले के चूंचुड़ा में भाजपा की रैली के दौरान बड़ा घटनाक्रम सामने आया। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी यह रैली चूंचुड़ा के भाजपा उम्मीदवार सुबीर नाग के समर्थन में करने वाली थी। लेकिन वह कथित अव्यवस्था और स्थानीय संगठन की लापरवाही से नाराज होकर कार्यक्रम बीच में ही छोड़कर लौट गईं। कार्यक्रम के बीच ही पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के लौट जाने से कार्यकर्ताओं में निराशा देखी गई। इस बारे में, चूंचुड़ा के उम्मीदवार सुबीर नाग ने कहा कि स्मृति ईरानी का अन्य कार्यक्रम होने के कारण उन्हें वापस लौटना पड़ा। हालांकि, उन्होंने स्वीकार किया कि घड़ी मोड़ की सभा में उनके शामिल न होने से कार्यकर्ताओं में निराशा है। सुबीर नाग ने बताया कि इस मौके पर 'अन्नपूर्णा भंडार' योजना की शुरुआत होनी थी, लेकिन स्मृति ईरानी की अनुपस्थिति में इसका उद्घाटन उन्होंने स्वयं किया। मिली जानकारी के अनुसार, यह रैली चुंचुड़ा तीन नंबर गेट स्थित जिला कार्यालय के सामने से शुरू हुई। निर्धारित समय से कुछ देर बाद यात्रा शुरू होने पर स्मृति ईरानी नाराज हो गईं। सूत्रों के अनुसार, पार्टी के जिला नेतृत्व द्वारा उचित स्वागत और आवश्यक व्यवस्थाएं नहीं किए जाने से स्मृति ईरानी नाराज हो गईं। आरोप है कि उनके स्वागत में न्यूनतम शिष्टाचार तक नहीं दिखाया गया। इसी के बाद उन्होंने बिना सभा को संबोधित किए ही कार्यक्रम स्थल छोड़ने का फैसला किया। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, जिला कार्यालय में उनके स्वागत के लिए जिलाध्यक्ष की अनुपस्थिति भी असंतोष का कारण बनी। उल्लेखनीय है कि इस कार्यक्रम में हुगली संगठनात्मक जिला भाजपा अध्यक्ष गौतम चटर्जी भी अनुपस्थित रहे, जिससे संगठन के भीतर मतभेद की चर्चाएं तेज हो गई हैं।

## नलहाटी में मछली व्यवसायी की हत्या, इलाके में हड़कंप



**बीरभूम :** जिले के नलहाटी इलाके में मैदान से एक मछली व्यवसायी का क्षत-विक्षत शव बरामद होने के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। प्रारंभिक आशंका है कि व्यवसायी की पीट-पीटकर और धारदार हथियार से वार कर हत्या की गई है। मृतक की पहचान मुकुल शेख (42) के रूप में हुई है, जो नलहाटी थाना क्षेत्र के पाखाग्राम के निवासी थे। वह पेशे से मछली व्यवसायी थे। मिली जानकारी के अनुसार, बुधवार की सुबह स्थानीय लोगों ने इलाके के एक मैदान में उनका क्षत-विक्षत शव पड़ा देखा, जिसके बाद तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। परिवार के सदस्यों का आरोप है कि मुकुल शेख की बेरहमी से पिटाई करने के बाद धारदार हथियार से हमला कर हत्या की गई है। हालांकि, इस घटना के पीछे कौन या किन लोगों का हाथ है, यह अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है और यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि मृतक की किसी के साथ कोई दुश्मनी या विवाद था या नहीं। घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल है। स्थानीय लोगों ने आरोपितों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है।

# शुभेंदु अधिकारी की रैली में नारेबाजी से बढ़ा तनाव



पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 से पहले बंगाली नववर्ष के पावन अवसर पर भाजपा के प्रत्याशी संतोष पाठक (चौरंगी विधानसभा क्षेत्र), विजय ओझा (जोड़ासांको विधानसभा क्षेत्र), पूर्णिमा चक्रबर्ती (श्यामपुकुर विधानसभा क्षेत्र) व तापस राय (मानिकतल्ला विधानसभा क्षेत्र) के समर्थन में राज्य के नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी की अगुवाई में सुबह 9:30 बजे कोलकाता में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। यह रैली बउबाजार क्रॉसिंग से शुरू होकर जोड़ासांको, हेदुआ, हातिबागान होते हुए श्यामपुकुर और मानिकतल्ला मार्ग से गुजरते हुए नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा (श्यामबाजार पांचमुंहा) पर समाप्त हुई।

### बाली में चुनावी संग्राम तेज

**हावड़ा :** हावड़ा जिले के बाली विधानसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार के दौरान अचानक तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई। भाजपा उम्मीदवार संजय सिंह के समर्थन में प्रचार करने पहुंचे शुभेंदु अधिकारी की रैली के बीच तृणमूल कांग्रेस समर्थकों द्वारा नारेबाजी किए जाने से माहौल गरमा गया। जानकारी के अनुसार, शुभेंदु अधिकारी अपने समर्थकों के साथ क्षेत्र में प्रचार अभियान चला रहे थे।



इसी दौरान तृणमूल समर्थकों ने जय बंगला के नारे लगाने शुरू कर दिए, जिसके बाद दोनों पक्षों के बीच तनाव बढ़ गया। देखते ही देखते दोनों गुट आमने-सामने आ गए और टकराव की आशंका गहरा गई।

हालांकि, मौके पर मौजूद पुलिस और केंद्रीय बलों की तत्परता के चलते स्थिति को जल्द ही नियंत्रित कर लिया गया। सुरक्षा बलों ने तत्काल हस्तक्षेप कर दोनों पक्षों को शांत कराया और किसी भी बड़ी घटना को होने से रोक दिया।

इस घटना पर शुभेंदु अधिकारी ने आरोप लगाया कि वे लगभग 5000 समर्थकों के साथ शांतिपूर्ण तरीके से प्रचार कर रहे थे, लेकिन कुछ तृणमूल समर्थकों ने जानबूझकर उकसाने वाली नारेबाजी कर माहौल बिगाड़ने की कोशिश की। उन्होंने बाली थाना के प्रभारी अधिकारी (ओसी) को तत्काल हटाने की मांग भी की है। फिलहाल, क्षेत्र में स्थिति नियंत्रण में बताई जा रही है और सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है।

## अब केवल बीएलओ ही बांटेंगे वोटर स्लिप, चुनाव आयोग ने तय की डेडलाइन तय

**कोलकाता, समाज्ञा :** चुनाव आयोग ने विधानसभा चुनाव को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने के लिए वोटर स्लिप वितरण को लेकर कड़ा निर्देश जारी किया है। आयोग ने स्पष्ट किया है कि वोटर स्लिप केवल बूथ लेवल आफिसर (बीएलओ) ही घर-घर जाकर वितरित करेंगे और इस प्रक्रिया में किसी भी राजनीतिक दल या उसके कार्यकर्ताओं की भागीदारी पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी। आयोग के अनुसार, पहले चरण के मतदान से पांच दिन पहले यानी 18 अप्रैल तक हर हाल में यह प्रक्रिया पूरी करनी होगी। वोटर स्लिप में मतदाता से जुड़ी सभी जरूरी जानकारी जैसे विधानसभा क्षेत्र, पार्ट नंबर और क्रम संख्या दर्ज होगी। इसके साथ ही एक क्यूआर कोड भी दिया जाएगा, जिसे स्कैन कर मतदाता आनलाइन जानकारी सत्यापित कर सकेंगे। स्लिप पर मतदान से जुड़े जरूरी दिशा-निर्देश भी अंकित रहेंगे। आयोग ने चेतावनी दी है कि यदि इस कार्य में कोई गैर-अधिकृत व्यक्ति शामिल पाया गया, तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पूरी प्रक्रिया की निगरानी के लिए उम्मीदवार या उनके प्रतिनिधि मौजूद रह सकते हैं, लेकिन वितरण का अधिकार केवल बीए-लओ के पास ही रहेगा।

## कोलकाता पुलिस एवं डीईओ ने संवेदनशील इलाकों का किया दौरा, लोगों से की बात

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर बंगाली नव वर्ष के मौके पर कोलकाता के पुलिस कमिश्नर अजय नंदा और डीईओ स्मिता पांडे ने अन्य आला पुलिस अधिकारियों एडिशनल पुलिस कमिश्नर (ख) देवेंद्र प्रकाश सिंह (आईपीएस), एडिशनल पुलिस कमिश्नर (तख) आशीष बिस्वास (आईपीएस), और पूर्व उपनगरीय प्रभाग के डिप्टी पुलिस कमिश्नर अमित वर्मा (आईपीएस) के साथ उत्तर कोलकाता के संवेदनशील इलाकों का दौरा किया। इस दिन, उन्होंने उल्टाडांगा और बसंती कॉलोनी के अलग-अलग बस्ती इलाकों का दौरा किया। पुलिस अधिकारियों ने सीधे वहां के लोगों से बात की और उन्हें बिना डरे वोट देने का भरोसा दिलाया। उन्हें सलाह दी गई है कि अगर उन्हें कोई छोटी-मोटी अशांति या भड़काने वाली चीज दिखे तो वे एक खास हेल्पलाइन नंबर पर कॉल करें।



## तृणमूल ने चुनाव आयोग को पत्र लिखकर निर्वाचन अधिकारियों पर 'पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाने' का लगाया आरोप

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार को पत्र लिखकर निर्वाचन आयोग पर 'पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाने' का आरोप लगाया और अभिषेक बनर्जी समेत अपने नेताओं को निशाना बनाने वाले 'अवैध' निर्देशों के लिए आयोग के वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पार्टी ने शिकायत में दावा किया कि पुलिस, अन्य पर्यवेक्षकों और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के अधिकारियों को तृणमूल नेताओं और उनके परिवार के सदस्यों के वाहनों को निशाना बनाकर तलाशी लेने के निर्देश दिए गए हैं। सत्तारूढ़ पार्टी ने पुलिस और व्यय पर्यवेक्षकों को भेजे गए कथित व्हॉट्सएप संदेशों के स्क्रीनशॉट भी संलग्न करते हुए आरोप लगाया कि तृणमूल की चुनाव प्रचार संबंधी गतिविधियों व जनसंपर्क कार्यक्रमों को भी निशाना बनाने के निर्देश दिए गए हैं। पार्टी ने आरोप लगाया कि ऐसा रवैया स्पष्ट रूप से तृणमूल के खिलाफ एक प्रेरित अभियान का संकेत देता है। निर्वाचन आयोग और उसके अधिकारी पूरी तरह से निष्पक्ष नहीं रह गए हैं।

**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी आमंत्रण सूचना**

**हावड़ा मंडल के तहत वाणिज्यिक प्रचार के अधिकारों के लिए संविदा प्रदान करना**

**ई-नीलामी सूचना सं. सीओएम/पीयूबी/एचडब्ल्यूएच/26/06 दिनांक: 10.04.2026**
वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा मंडल, नई डीआरएम बिल्डिंग, चौथी मंजिल, रेल म्यूजियम के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा **हावड़ा मंडल के क्लस्टर- II के अंतर्गत स्टेशनों के स्टेशन परिसर के भीतर वाणिज्यिक प्रचार के अधिकारों** हेतु संविदा प्रदान करने के लिए ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। **सूचीपत्र सं.: पीयूबी-एचडब्ल्यूएच-26-06; नीलामी आरम्भ होने की तारीख एवं समय:** 25.04.2026 को अपराह्न 02.00 बजे। **सिक्वेंस सं.:** एए/1; **लॉट सं.:** एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-बीडीसी-ओएसएन-18-26 (विज्ञापन-स्टेशन परिसर में (नॉन-डिजिटल)। **विवरण:** हावड़ा मंडल के क्लस्टर-II के अधीन (बैण्डेल स्टेशन से गरिफा स्टेशन तक तथा आदिसप्तग्राम स्टेशन से पालसिट स्टेशन तक) स्टेशनों के स्टेशन परिसर के भीतर वाणिज्यिक प्रचार का अधिकार प्रदान करना। (HWH-23/2026-27)
निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**हावड़ा मंडल के तहत विकास संबंधी कार्य के लिए ट्रेनों की नियंत्रण व्यवस्था**

बैण्डेल-कटवा खंड में गुप्तिपाड़ा और अम्बिका कालना स्टेशनों के बीच लेवल क्रॉसिंग नंबर 8/1/टी एवं पाटुली और पूर्वस्थली स्टेशनों के बीच लेवल क्रॉसिंग नंबर 18/2 (किमी 86/11-13) के स्थान पर प्रस्तावित सीमित ऊंचाई के सबवे के निर्माण के लिए आरसीसी बॉक्स सेगमेंट और बेस स्लैब स्थापित करने हेतु **06 घंटे (08.50 बजे से 14.50 बजे तक)** के लिए **ट्रैफिक और पावर ब्लॉक** तथा बैण्डेल स्टेशन सीमा में डायमंड क्रॉसिंग नंबर 202ए x 203बी के रूपांतरण हेतु **06 घंटे (09.10 बजे से 15.10 बजे तक)** के लिए **ट्रैफिक ब्लॉक दिनांक 18.04.2026 (शनिवार)** को आवश्यक होगा। इसके फलस्वरूप, निम्नलिखित ट्रेनों को निम्नानुसार नियंत्रित किया जाएगा: ● **निरस्तीकरण (दिनांक 18.04.2026 को) : (1) हावड़ा – कटवा लोकल:** 37913, 37915, 37917, **(2) बैण्डेल – कटवा लोकल:** 37747, 37749, 37751, **(3) सियालदह – कटवा लोकल:** 31111, **(4) कटवा – हावड़ा लोकल:** 37920, 37922, 37924, **(5) कटवा – बैण्डेल लोकल:** 37744, 37746, 37748, **(6) कटवा – सियालदह लोकल:** 31112, **(7) बैण्डेल – आजिमगंज लोकल:** 03201, **(8) आजिमगंज – बैण्डेल लोकल:** 03202 ● **पुनर्निर्धारण (दिनांक 18.04.2026 को) : (1) 13466 मालदा टाउन – हावड़ा इंटरसिटी एक्सप्रेस** को 04 घंटे 30 मिनट के लिए पुनर्निर्धारित किया जाएगा, अर्थात मालदा टाउन से 10.35 बजे प्रस्थान करेगी। **(2) 13465 हावड़ा – मालदा टाउन इंटरसिटी एक्सप्रेस** को 03 घंटे 45 मिनट के लिए पुनर्निर्धारित किया जाएगा, अर्थात हावड़ा से 17.45 बजे प्रस्थान करेगी। ● **ब्लॉक से पहले अंतिम ट्रेन:** 13177 अप सियालदह – जंगीपुर रोड एक्सप्रेस और 37918 डाउन कटवा – हावड़ा लोकल (कटवा प्रस्थान 06.55 बजे) ● **ब्लॉक के बाद पहली ट्रेन:** 37919 अप हावड़ा-कटवा लोकल (हावड़ा प्रस्थान 14.30 बजे) और 13466 डाउन मालदा टाउन-हावड़ा इंटरसिटी एक्सप्रेस।
**विशेष टिप्पणी:** स्पेशल या विलंब से चलने वाली ट्रेन, यदि कोई हो, को मार्ग में सुविधानुसार मार्ग परिवर्तित/नियंत्रित किया जाएगा। यात्रियों से अनुरोध है कि वे स्टेशनों की जनसंबोधन प्रणाली का पालन करें। असुविधा के लिए खेद है।
**मंडल रेल प्रबंधक, हावड़ा**
**पूर्व रेलवे**
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



बाली विधानसभा केंद्र के भाजपा उम्मीदवार संजय सिंह के समर्थन में राज्य के नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने रोड शो किया। इस दौरान समर्थकों की भारी भीड़ उमड़ी।

## फलता में भाजपा उम्मीदवार के चुनाव प्रचार में बाधा डालने का आरोप

**कोलकाता, समाज्ञा**

दक्षिण 24 परगना जिले के फलता इलाके में भाजपा उम्मीदवार के चुनाव अभियान में बाधा डालने का आरोप तृणमूल पर लगा है। सूत्रों के अनुसार, बुधवार की सुबह चुनाव प्रचार करने गए भाजपा उम्मीदवार देबांग्शु पांडा को फलता इलाके में प्रतिरोध का सामना करना पड़ा। चुनाव आयोग की तरफ से सुबह सात बजे से दोपहर एक बजे तक चुनाव प्रचार करने की अनुमति दी थी। आरोप है कि अनुमति के बाद भी उन्हें भदूरा चौराहे पर पुलिस के सामने रोका गया। आरोप है कि भदूरा चौराहे पर कई तृणमूल कार्यकर्ता एकत्रित हुए और पुलिस के सामने भाजपा उम्मीदवार को रोका गया लेकिन पुलिस मूकदर्शक बनी रही। भाजपा उम्मीदवार ने आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस जानबूझकर बाधा दे रही है। वे इस मामले को चुनाव आयोग के ध्यान में ज़रूर लाएंगे। दूसरी ओर, तृणमूल कांग्रेस ने भाजपा के आरोपों से इनकार किया है।

### कोयला घोटाला मामला : ईडी ने 159 करोड़ रुपये की संपत्तियां कुर्क कीं

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** राज्य में कथित अवैध कोयला खनन और चोरी से जुड़े धनशोधन मामले में 159 करोड़ रुपये की नयी संपत्तियां कुर्क की गई। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को बताया कि इस मामले में एजेंसी ने राजनीतिक परामर्श फर्म आई-पैक पर भी छापा मारा था। एजेंसी ने एक बयान में कहा कि कुर्क की गई संपत्तियों में 'श्याम सेल एंड पावर लिमिटेड' और 'श्याम फेरो अलॉयज लिमिटेड' जैसी संस्थाओं के नाम पर रखे गए कॉर्पोरेट बॉण्ड और वैकल्पिक निवेश कोष जैसे चल वित्तीय साधनों में निवेश शामिल है। बता दें कि ईडी ने इससे पहले 322 करोड़ रुपये की संपत्तियां कुर्क की थीं।

### छत्तीसगढ़ हादसे में बंगाल के छह मजदूरों की मौत

**सक्ती/कोलकाता :** पश्चिम बंगाल के छह मजदूरों की छत्तीसगढ़ के सक्ती जिले स्थित वेदांता लिमिटेड के पावर प्लांट में हुए भीषण धमाके में मौत हो गई। इस घटना ने राज्य के विभिन्न जिलों में शोक की लहर दौड़ा दी है। मंगलवार दोपहर सिंघी-तराई गांव में स्थित संयंत्र में हुए इस हादसे में कुल 20 मजदूरों की जान गई, जिनमें बंगाल के दीपांकर सिंह, सुशांत जाना, शेख सैफुद्दीन, मानस गिरी, कैलाश महतो और शिवनाथ मुर्मू शामिल हैं। सभी मजदूर रोज़गार के सिलसिले में दूसरे राज्यों में काम कर रहे थे। प्रशासन के अनुसार, यह धमाका बॉयलर से टरबाइन तक भाप ले जाने वाली स्टील ट्यूब में हुआ, जिससे कई मजदूर गंभीर रूप से झुलस गए। चार मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अन्य ने इलाज के दौरान दम तोड़ा। घटना की खबर मिलते ही पश्चिम बंगाल में मृतकों के परिजनों में मातम पसर गया। राज्य सरकार की ओर से मृतकों के परिवारों को हर संभव सहायता देने की बात कही जा रही है। विशेषज्ञों का मानना है कि ऐसे औद्योगिक हादसों में सुरक्षा मानकों की अनदेखी गंभीर चिंता का विषय है, खासकर तब जब बड़ी संख्या में दूसरे राज्यों के मजदूर इन संयंत्रों में कार्यरत होते हैं।

## टीएमसी के खिलाफ जनता का आक्रोश, विकास का संकल्प ही बदलेगा चंडीतला में राजनीतिक समीकरण

❑ **खिलेगा कमल, भ्रष्टाचार, अव्यवस्था, कुशासन, अत्याचार, कट मनी से मिलेगी मुक्ति**
❑ **खुलेंगे विकास के द्वार**

**जय चौधरी**

**हुगली :** विधानसभा चुनाव 2026 के मद्देनजर चंडीतला क्षेत्र में सियासी तापमान लगातार बढ़ता जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार देवाशीष मुखर्जी ने सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया है कि पिछले 15 वर्षों में क्षेत्र में कोई ठोस विकास कार्य नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि जनता बदलाव चाहती है। हम जहां-जहां गए, लोगों ने परिवर्तन की मांग की है और इस बार परिवर्तन निश्चित है। उम्मीदवार ने टीएमसी के प्रत्याशी को मजबूत मानने से इनकार करते हुए कहा कि लंबे समय तक सत्ता में रहने के बावजूद जनता के लिए कोई उल्लेखनीय काम नहीं किया गया।

❑ **विकास के मुद्दों पर घेरा**

देवाशीष ने चंडीतला की मूलभूत समस्याओं को प्रमुख चुनावी मुद्दा बताते हुए स्वास्थ्य, शिक्षा और आधारभूत ढांचे की बदहाली का आरोप लगाया। उनके अनुसार, क्षेत्र में अस्पतालों का पर्याप्त विकास नहीं हुआ है, कई स्वास्थ्य केंद्र समय पर नहीं खुलते, जबकि स्कूलों में शिक्षकों की कमी है और नया डिग्री कॉलेज भी स्थापित नहीं किया गया।



उन्होंने बिजली व्यवस्था पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि भारी बिल के बावजूद क्षेत्र में नियमित रूप से लोड शेडिंग हो रही है। साथ ही सड़कों की खराब स्थिति, सफाई व्यवस्था और ड्रेनेज सिस्टम की कमी को भी गंभीर समस्या बताया।

❑ **जलभराव की समस्या प्रमुख**

डानकुनी नगरपालिका क्षेत्र और निचले इलाकों में जलभराव को लेकर उम्मीदवार ने कहा कि सरस्वती नदी और डानकुनी खाल की सफाई और पुनर्निर्माण नहीं होने से स्थिति और बिगड़ी है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस दिशा में न तो वाम मोर्चा सरकार और न ही टीएमसी सरकार ने प्रभावी कदम उठाए।

❑ **अपने कार्यकाल का हवाला**

डानकुनी नगरपालिका के पूर्व उपाध्यक्ष रहने का जिक्र करते हुए उम्मीदवार ने कहा कि उन्होंने वार्ड नंबर 10 में कई विकास कार्य किए, जिसमें पार्क, पंप हाउस, कम्युनिटी हॉल, लाइब्रेरी, सड़क और लाइट की व्यवस्था शामिल है। उन्होंने इसे मॉडल वार्ड बताते हुए पूरे विधानसभा क्षेत्र में ऐसे ही विकास का वादा किया।

❑ **जीत के बाद प्राथमिकताएं**

उम्मीदवार ने जीत के बाद चंडीतला में सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल, ड्रेनेज सिस्टम का सुधार, नया डिग्री कॉलेज, स्थायी बाजार और डानकुनी में अंडरपास निर्माण जैसे कार्यों को प्राथमिकता देने की बात कही। इसके अलावा शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने और हिंदी माध्यम स्कूल खोलने का भी आश्वासन दिया।

❑ **भ्रष्टाचार के आरोप**

उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार से मिलने वाले विकास फंड का दुरुपयोग हुआ है और कट मनी के जरिए पैसा गलत हाथों में चला गया। उनके अनुसार, राज्य सरकार के पास विकास कार्यों के लिए पर्याप्त संसाधन नहीं बचे हैं।

❑ **वायरल वीडियो पर प्रतिक्रिया**

हाल ही में वायरल हुए एक वीडियो का जिक्र करते हुए उम्मीदवार ने कहा कि एक स्वास्थ्य केंद्र सुबह 11 बजे भी बंद था, जिस पर उन्होंने सवाल उठाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह मुद्दा जनता के सामने लाने के लिए उठाया गया था।

चंडीतला विधानसभा क्षेत्र में इस बार मुकाबला विकास बनाम भ्रष्टाचार के मुद्दे पर केंद्रित होता नजर आ रहा है। एक ओर बीजेपी परिवर्तन का नारा दे रही है, वहीं टीएमसी अपनी उपलब्धियों के आधार पर चुनावी मैदान में है।

**2021 के विधानसभा चुनाव में तीन प्रमुख दलों के बीच मुकाबला कुछ इस प्रकार रहा:**

| तृणमूल कांग्रेस | भारतीय जनता पार्टी | सीपीआईएम |
|---|---|---|
| उम्मीदवार: स्वाति खंडोकर | उम्मीदवार: यश दासगुप्ता | उम्मीदवार: मोहम्मद सलीम |
| मत: 1,03,118 | मत: 61,771 | मत: 37,161 |
| मत प्रतिशत: 49.79% | मत प्रतिशत: 29.83% | मत प्रतिशत: 17.94% |

इस चुनाव में तृणमूल कांग्रेस ने लगभग आधे वोट हासिल कर मजबूत स्थिति बनाए रखी, जबकि भाजपा ने वोट प्रतिशत में बड़ा उछाल दिखाकर अपनी पकड़ मजबूत की। दूसरी ओर सीपीआईएम को भारी नुकसान हुआ और उसका जनाधार काफी कमजोर होता दिखा।

2021 में मुकाबला मुख्य रूप से तृणमूल और बीजेपी के बीच सिमटता नजर आया, जबकि वाम दल पीछे छूटते गए। 2026 विधानसभा चुनाव में बीजेपी को जनाधार मिलने के आसार हैं।

**Format C-2**

*(For political party to publish in website, newspapers, TV)*

**Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party**

*(As per the judgment dated 25th September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.))*

**Name of Political Party:** ALL INDIA SECULAR FRONT

**Name of Election:** West Bengal Legislative Assembly Election

**Name of State/UT:** West Bengal

(A)

| Sl. No. | Name of constituency | Name of candidate | Name of Court, case No. & status of the case(s) | Sections of Acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 139 – CANNING PURBA | ARABUL ISLAM | Ld. A.C.J.M, Baruipur – Case Nos. 22/2025, 21/2025, 03/2025 – Pending<br>Ld. Executive Magistrate, Baruipur – M. Case Nos. 1938/2024, 1059/2024 – Pending<br>Ld. A.C.J.M / Fast Track Court, Baruipur – Case Nos. 60/2024, 23/2024, 105/2024, 106/2024, 785/2022 – Pending<br>Ld. A.C.J.M, Baruipur / Barasat – Case Nos. 42/2022, 165/2018, 157/2018, 110/2015, 601/2016 – Pending<br>Ld. A.C.J.M, Baruipur – Case Nos. 303/2016, 240/2016, 11/2013, 08/2013, 91/2009 – Pending<br>Ld. A.C.J.M, Baruipur – Case Nos. 90/2009, 73/2009, 334/2008, 186/2007, 134/2006 – Pending | U/s. 126(2), 115(2), 118(1), 189(2), 191(2), 190, 109, 3(5) BNS – Voluntarily causing hurt, wrongful restraint and criminal conspiracy<br>U/s. 110 CrPC – Proceedings for good behaviour and maintenance of peace<br>U/s. 143, 147, 148, 149, 186, 307, 332, 427 IPC r/w Arms Act, PDPP Act & Explosive Substances Act – Rioting, obstruction of public servant, grievous hurt and attempt to murder<br>U/s. 341, 323, 325, 365, 147, 148, 149, 302, 307 IPC – Wrongful confinement, kidnapping, rioting and murder<br>U/s. 147, 148, 149, 325, 326, 307 IPC – Rioting, grievous hurt and attempt to murder<br>U/s. 324, 341, 323, 147, 148, 149, 307 IPC – Hurt, restraint, rioting and attempt to murder | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE |

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.

# 'बंगाल ने कुशासन, भ्रष्टाचार और अराजकता झेली'

**❑ पीएम मोदी ने बंगाली नव वर्ष पर खुले पत्र में कहा**

**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को दावा किया कि पिछले एक दशक में पश्चिम बंगाल के लोगों ने 'कुशासन, भ्रष्टाचार और अराजकता' झेली है, जिससे उनके बुनियादी अधिकार और सुरक्षा प्रभावित हुई है। 'पोइला बोइशाख' के अवसर पर बांग्ला भाषा में लिखे एक खुले पत्र में मोदी ने राज्य के लोगों को शुभकामनाएं देते हुए देवी काली से उनकी समृद्धि, प्रगति और उज्ज्वल भविष्य की



कामना की। उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक में पश्चिम बंगाल के लोगों ने कुशासन, भ्रष्टाचार और अराजकता झेली है, जिससे उनके बुनियादी अधिकार और सुरक्षा छिन गए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि मौजूदा स्थिति का असर महिलाओं की सुरक्षा, युवाओं के रोजगार और गरीबों के अधिकारों पर पड़ा है। मोदी ने लोगों से एकजुट होकर ऐसे राज्य के निर्माण का आह्वान किया, जहां गरीबों को आश्रय मिले, खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित हो, महिलाएं सुरक्षित महसूस करें और युवा राज्य छोड़े बिना रोजगार पा सकें। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के तहत पश्चिम बंगाल राष्ट्रीय विकास के साथ कदम मिलाकर आगे बढ़ेगा और देश के अग्रणी राज्य के रूप में अपनी ऐतिहासिक विरासत को पुनः प्राप्त करेगा। आगामी विधानसभा चुनाव को महज चुनाव नहीं बल्कि 'वास्तविक बदलाव' का अवसर बताते हुए मोदी ने मतदाताओं से राज्य के भविष्य के लिए निर्णायक फैसला लेने का आग्रह किया। उन्होंने नागरिकों से लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग लेने और विकसित पश्चिम बंगाल के दृष्टिकोण का समर्थन करने की अपील की। मोदी ने विश्वास व्यक्त किया कि राज्य की जनता भाजपा पर भरोसा जताएगी और उसे चुनावों में महत्वपूर्ण बहुमत दिलाने में मदद करेगी।

# फलता में चुनाव ड्यूटी पर तैनात आईटीबीपी जवान की रहस्यमय मौत

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिले के फलता में चुनाव ड्यूटी पर तैनात केंद्रीय बल के एक जवान की रहस्यमय परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक की पहचान कनक कोच के रूप में हुई है। वह भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) में कांस्टेबल के पद पर तैनात थे। स्थानीय लोगों और प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार, असम निवासी कनक



फलता थाना अंतर्गत दोस्तपुर इलाके में चुनाव ड्यूटी पर गए थे। मंगलवार की रात जब उन्हें अस्पताल ले जाया गया, तो डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पता चला कि दोस्तपुर हाई स्कूल में भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के 86 जवानों के रहने का इंतजाम किया गया था। मंगलवार की रात खाना खाने के बाद सभी सो गए थे। देर रात शौचालय जाते समय एक जवान ने कनक को बालकनी में औंधे मुंह पड़ा देखा। उन्हें खून से लथपथ हालत में डायमंड हार्बर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए डायमंड हार्बर पुलिस पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया गया है। पुलिस का शुरुआती अनुमान है कि वह सीढ़ियों से गिर गया था। हालांकि, मौत का असली कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही साफ हो पाएगा। इस मामले में जांच शुरू कर दी गई है।


**FORM C-1**

**(Declaration about criminal cases)**

**Name and address of candidate:** MD. NAWSAD SIDDIQUE, Village - Furfura, Post Office – Furfura, P.S.- Jangipara, Block – Jangipara, Dist – Hooghly, Sub Division – Serampore, Pin-712706

**Name of political party:** ALL INDIA SECULAR FRONT

**Name of Election:** WEST BENGAL LEGISLATIVE ASSEMBLY

**Name of Constituency:** 148 – BHANGAR

I, **MD. NAWSAD SIDDIQUE**, a candidate for the abovementioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

**(A) Pending criminal cases**

| Sl. No. | Name of Court | Case No. and dated | Status of case(s) | Section(s) of Acts concerned and brief description of offence(s) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Ld. Chief Judicial Magistrate, Calcutta | Hare Street P.S. Case No. 183 dated 20.08.2025 (case yet to be numbered) | Pending | Section 189(1), 189(2), 190, 191(2), 285, 223, 132 of BNS read with Section 3 of Prevention of Damage to Public Property Act – Allegations of unlawful assembly, rioting. |
| 2 | Ld. ACJM, Baruipur | Madhabpur P.S. Case No. 42 dated 14.04.2025 (case yet to be numbered) | Pending | Section 191(2), 192(3), 285, 132, 121(1), 61(2) of BNS read with Section 3 of PDPP Act and Section 8 of WB MPO Act – Allegations of provocation, obstruction in public way. |
| 3 | Ld. ACJM, Baruipur | Hatishala P.S. Case No. 81 dated 14.04.2025 (case yet to be numbered) | Pending | Section 121(1), 132, 189(2), 190, 285, 61(2) of BNS read with Section 8, 15(A), 15(B) of WB MPO Act – Allegations of unlawful assembly, rioting. |
**नयी दिल्ली :** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने बुधवार को घोषणा की कि कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षा में 93.70 प्रतिशत से अधिक छात्र उत्तीर्ण हुए, जिनमें से 55,000 से अधिक छात्रों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। कुल 2.20 लाख से अधिक छात्रों ने 91 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए। परीक्षा में एक बार फिर लड़कियों ने लड़कों को पीछे छोड़ दिया है। इस बार 94.99 प्रतिशत छात्राएं परीक्षा में उत्तीर्ण हुई हैं। लड़कों का उत्तीर्ण प्रतिशत 92.69 रहा और उभयलिंगी अभ्यर्थियों का उत्तीर्ण प्रतिशत 87.50 रहा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) की सिफारिशों के अनुरूप, सीबीएसई ने कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षा दो चरणों में आयोजित करना शुरू किया है। पहली परीक्षा फरवरी-मार्च में आयोजित की गई और दूसरी मई में निर्धारित है। छात्रों के लिए पहली परीक्षा में शामिल होना अनिवार्य था। सीबीएसई के परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज ने कहा, परंपरागत रूप से, कक्षा 10वीं के परिणाम मई के मध्य में घोषित किए जाते हैं। हालांकि, इस वर्ष सीबीएसई ने रिकॉर्ड समय में लगभग 1.6 करोड़ उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया और परिणाम सामान्य से एक महीने पहले घोषित किया जा रहा है।

### मंदिरों के निर्माण के लिए राजा भोज के तय पैमानों से मेल खाती है भोजशाला की बनावट : हिंदू पक्ष

**इंदौर :** मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय में हिंदू पक्ष के एक याचिकाकर्ता ने बुधवार को दावा किया कि धार के विवादित भोजशाला परिसर की बनावट परमार राजवंश के राजा भोज की लिखी पुस्तक 'समरांगणसूत्रधार' में मंदिरों के निर्माण के लिए तय पैमानों से हू-ब-हू मेल खाती है। याचिकाकर्ता ने 11वीं सदी के इस स्मारक को मूलत: 'सरस्वती मंदिर-सह-संस्कृत अध्ययन केंद्र' बताते हुए अदालत से इसमें केवल हिंदुओं को उपासना का अधिकार देने की गुहार लगायी। भोजशाला को हिंदू समुदाय वाग्देवी (देवी सरस्वती) का मंदिर मानता है, जबकि मुस्लिम पक्ष इस स्मारक को कमाल मौला मस्जिद बताता है। यह विवादित परिसर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) द्वारा संरक्षित है।

## वह 'पागल' हैं : हिमंत ने राहुल की ओर से सत्ता दुरुपयोग के आरोपों पर कहा

**भुवनेश्वर :** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बुधवार को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी को 'पागल व्यक्ति' करार दिया। उन्होंने यह टिप्पणी लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष द्वारा उन पर 'अपने राजनीतिक विरोधियों और आल-ोचकों को परेशान करने के लिए सत्ता का दुरुपयोग करने' के आरोपों के जवाब में की। ओडिशा के पुरी स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर में दर्शन करने के लिए यहां हवाई अड्डे पर आए शर्मा ने संवाददाताओं से बातचीत की। असम के मुख्यमंत्री ने राहुल गांधी को चुनौती दी कि वह अपने पासपोर्ट का विवरण सार्वजनिक करें और बताएं कि उन्होंने किन-किन देशों की यात्रा की है। राहुल गांधी द्वारा शर्मा को 'देश का सबसे भ्रष्ट व्यक्ति' करार देने और पवन खेड़ा के समर्थन में पार्टी के खड़े होने का बयान दिये जाने के बाद पूर्वोत्तर राज्य के मुख्यमंत्री की यह तीखी प्रक्रिया आई है। खेड़ा ने आरोप लगाया है कि शर्मा की पत्नी के पास कई पासपोर्ट और विदेश में संपत्तियां हैं, जिन्हें मुख्यमंत्री के चुनावी हलफनामे में घोषित नहीं किया गया है। शर्मा परिवार ने इन आरोपों को झूठा बताकर खारिज कर दिया है।

## पवन खेड़ा को एक सप्ताह की अग्रिम जमानत देने के तेलंगाना उच्च न्यायालय के आदेश पर न्यायालय की रोक



**नयी दिल्ली :** कांग्रेस नेता पवन खेड़ा को झटका देते हुए उच्चतम न्यायालय ने तेलंगाना उच्च न्यायालय के उस आदेश पर रोक लगा दी जिसमें असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा की पत्नी के खिलाफ आरोप लगाने के मामले में उन्हें एक सप्ताह की अग्रिम जमानत दी गई थी। न्यायमूर्ति जे.के. माहेश्वरी और न्यायमूर्ति ए.एस. चंदुरकर की पीठ ने खेड़ा और अन्य को नोटिस जारी कर 10 अप्रैल के तेलंगाना उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली असम सरकार की याचिका पर उनका जवाब मांगा है। पीठ ने कहा, ''सभी पहलुओं पर विचार करते हुए नोटिस जारी करें। इस बीच, विवादित आदेश की तामील नहीं होगी।'' न्यायालय ने स्पष्ट किया कि यदि खेड़ा असम में न्यायाधिकार क्षेत्र के दायरे में आने वाली अदालत के समक्ष अग्रिम जमानत के लिए आवेदन करते हैं तो ऐसी याचिका पर निर्णय लेते समय शीर्ष अदालत द्वारा पारित आदेश का कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा।

## ईडी ने अनिल अंबानी समूह के पूर्व अधिकारी अमिताभ झुनझुनवाला को गिरफ्तार किया



**नयी दिल्ली :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अनिल धीरूभाई अंबानी समूह (एडीएजी) के पूर्व वरिष्ठ अधिकारी अमिताभ झुनझुनवाला को बैंक ऋण धोखाधड़ी से जुड़े धनश-ोधन मामले में बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पूछताछ के बाद झुनझुनवाला को धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत हिरासत में लिया गया। उन्होंने कहा कि एजेंसी ने विस्तृत पूछताछ के लिए हिरासत में लिए जाने के अनुरोध को लेकर उन्हें अदालत के समक्ष पेश किया। यह जांच अनिल अंबानी समूह की कंपनियों जैसे रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड (आरएचएफएल) और रिलायंस कमर्शियल फाइनेंस लिमिटेड (आरएचएफएल) के माध्यम से फर्जी या मुखौटा कंपनियों का इस्तेमाल करके की गई कथित बैंक ऋण धोखाधड़ी से संबंधित है। झुनझुनवाला मार्च 2003 से सितंबर 2019 तक रिलायंस कैपिटल लिमिटेड के निदेशक थे, जो आरएचएफएल और आरसीएफएल की होल्डिंग कंपनी है।

## भारत में अब नक्सल हिंसा प्रभावित कोई जिला नहीं: गृह मंत्रालय ने राज्य सरकारों को सूचित किया

**नयी दिल्ली :** केंद्र ने राज्य सरकारों को सूचित किया है कि भारत में वामपंथी उग्रवाद के पांच दशक से अधिक समय के बाद देश में अब कोई भी नक्सली हिंसा प्रभावित जिला नहीं है। यह घोषणा गृह मंत्रालय द्वारा इस महीने की शुरुआत में आयोजित उच्चस्तरीय सुरक्षा समीक्षा के बाद की गई, जो 'वामपंथी उग्रवाद से निपटने के लिए 2015 में तैयार की गई राष्ट्रीय नीति और कार्य योजना के तहत की गई थी। अधिकारियों ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि गृह मंत्रालय ने आठ अप्रैल को नौ राज्यों को जारी एक आधिकारिक संचार में कहा कि 31 मार्च के बाद पूरी हुई व्यापक सुरक्षा समीक्षा से यह स्थापित हुआ है कि ''देश का कोई भी जिला वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित श्रेणी में नहीं आता है।'' केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 30 मार्च को संसद को सूचित किया था कि भारत माओवादियों से मुक्त है। उच्चस्तरीय सुरक्षा समीक्षा बैठक भारत में वामपंथी उग्रवाद को समाप्त करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित समयसीमा 31 मार्च को समाप्त हो जाने के मद्देनजर की गई थी। मंत्रालय ने कहा, ''भारत का नक्सली हिंसा से मुक्त होना केंद्र और विभिन्न राज्य सरकारों के निरंतर और समन्वित प्रयासों से प्राप्त एक ऐतिहासिक उपलब्धि है।'' इस तरह की आखिरी सुरक्षा समीक्षा बैठक 27 मार्च को की गई थी जिसमें छत्तीसगढ़ के बीजापुर और झारखंड के पश्चिम सिंहभूम, दो जिलों को वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित श्रेणी में सूचीबद्ध किया गया था। गृह मंत्रालय ने अपने नवीनतम पत्र में आंध्र प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, तेलंगाना और पश्चिम बंगाल को सूचित किया है कि 37 जिलों को ''विरासत और विकास जिलों'' के रूप में वर्गीकृत किया गया है जबकि एक जिले को ''चिंताजनक जिला'' घोषित किया गया है। गृह मंत्रालय ने कहा कि यह कार्रवाई इसलिए की गई क्योंकि इन 38 जिलों को सुरक्षा और विकास प्रयासों में निरंतरता की आवश्यकता है क्योंकि ये जिले कई वर्षों से वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित थे।

### जम्मू कश्मीर में संदिग्ध मादक पदार्थ तस्कर की संपत्ति ध्वस्त की गई

**श्रीनगर :** जम्मू कश्मीर के पुलवामा जिले में अधिकारियों ने बुधवार को उपराज्यपाल मनोज सिन्हा द्वारा शुरू किए गए मादक पदार्थों के खिलाफ अभियान के तहत एक संदिग्ध मादक पदार्थ तस्कर से संबंधित व्यावसायिक संपत्ति को ध्वस्त कर दिया। पिछले सप्ताह उपराज्यपाल द्वारा 'नशा मुक्त जम्मू कश्मीर अभियान' शुरू किए जाने के बाद केंद्र शासित प्रदेश में अधिकारियों द्वारा संपत्ति को ध्वस्त करने की यह पहली घटना है। अधिकारियों ने बताया कि मुख्तार अहमद से संबंधित दुकानें और अन्य संबंधित निर्माण की गई संपत्ति आज सुबह अधिकारियों द्वारा ध्वस्त कर दी गईं। उन्होंने कहा कि इन संपत्तियों को इस साल की शुरुआत में ही स्वापक औषधि एवं मन: प्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत अधिकारियों द्वारा जब्त कर लिया गया था। अधिकारियों ने कहा, ये संपत्तियां केवल मादक पदार्थों के व्यापार से प्राप्त आय से ही नहीं बनाई गई थीं, बल्कि इन्हें सरकारी जमीन पर बनाया गया था।

## पश्चिम एशिया संकट के बीच भारत, जर्मनी का रक्षा और ऊर्जा संबंधों को मजबूत करने का फैसला



**नयी दिल्ली :** भारत और जर्मनी ने पश्चिम एशिया संघर्ष जैसी बढ़ती भू-राजनीतिक उथल-पुथल के बीच रक्षा, हरित हाइड्रोजन, नवीकरणीय ऊर्जा और महत्वपूर्ण एवं उभरती प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने का फैसला लिया है। विदेश मंत्रालय ने बुधवार को एक बयान में यह जानकारी दी। बयान के मुताबिक, भारत-जर्मनी विदेश कार्यालय परामर्श (एफओसी) के तहत आयोजित बैठक में दोनों पक्षों ने आपसी सहयोग को विस्तार देने के तरीकों पर विचार-विमर्श किया। यह बैठक मंगलवार को बर्लिन में हुई। इसकी सह-अध्यक्षता विदेश सचिव विक्रम मिसरी और जर्मन विदेश मंत्रालय के विदेश सचिव गेजा एंड्रियास वॉन गेयर ने की। बयान के अनुसार, बैठक में भारतीय और जर्मन पक्षों ने पश्चिम एशिया संघर्ष के साथ-साथ रूस-यूक्रेन युद्ध पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। इसमें कहा गया है कि बैठक ने दोनों पक्षों को द्विपक्षीय संबंधों की वर्तमान स्थिति का जायजा लेने और भारत-जर्मनी रणनीतिक साझेदारी को और गहरा करने के रास्ते तलाशने का अवसर प्रदान किया। बयान में कहा गया है, दोनों पक्षों ने व्यापार एवं निवेश, रक्षा एवं सुरक्षा, प्रौद्योगिकी, हरित एवं सतत विकास, परिवहन और लोगों के आदान-प्रदान सहित भारत-जर्मनी द्विपक्षीय संबंधों के संपूर्ण पहलुओं की व्यापक समीक्षा की। इसमें कहा गया है, दोनों पक्ष समकालीन प्रासंगिकता वाले क्षेत्रों में सहयोग को और गहरा और विविध बनाने पर सहमत हुए, जिनमें महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकियां, रक्षा, औद्योगिक सहयोग, डिजिटल शासन, नवीकरणीय ऊर्जा, हरित हाइड्रोजन, नवाचार और तीसरे देशों में विकास सहयोग शामिल है।

## आनंदपुर साहिब से लौट रही बस के पलटने से आठ श्रद्धालुओं की मौत



**चंडीगढ़ :** आनंदपुर साहिब से श्रद्धालुओं को लेकर लौट रही एक बस पंजाब के फतेहगढ़ साहिब में पलट गई, जिससे उसमें सवार आठ श्रद्धालुओं की मौत हो गई और 19 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। यह घटना मंगलवार रात करीब 10 बजे बस्सी पठाना के मोरिंडा-चुन्नी रोड क्षेत्र में हिम्मतपुरा के पास हुई। बस में सवार सभी श्रद्धालु फतेहगढ़ साहिब के मेन माजरी के निवासी थे और बैसाखी के अवसर पर रूपनगर जिले के आनंदपुर साहिब से मत्था टेकने के बाद लौट रहे थे। फतेहगढ़ साहिब के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) शुभम अग्रवाल ने कहा, प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि वाहन में कुछ खराबी आ गई होगी। बस में करीब 40 श्रद्धालु सवार थे।

### विपक्षी दल परिसीमन के खिलाफ करेंगे मतदान, द्रमुक ने काले झंडे के साथ प्रदर्शन की घोषणा की

**चेन्नई/नयी दिल्ली :** देश भर में विपक्षी दलों ने बुधवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग)सरकार से परिसीमन को लेकर सवाल उठाए और प्रस्तावित परिसीमन पर चिंता जताई। दक्षिण के गैर-भाजपा मुख्यमंत्रियों ने भी एकजुट होकर अपने-अपने राज्यों के हितों को लेकर चिंता जताई है। वहीं, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने घोषणा की कि विपक्ष ने संसद में प्रस्तावित संशोधनों के खिलाफ मतदान करने का संकल्प लिया है। तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के अध्यक्ष और मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने प्रस्तावित परिसीमन प्रक्रिया के खिलाफ 16 अप्रैल को पूरे राज्य में काले झंडे दिखाकर प्रदर्शन की घोषणा की और केंद्र को चेतावनी दी कि यदि उसने दक्षिणी राज्य की आवाज पर ध्यान नहीं दिया तो उसे गंभीर परिणाम भुगतने होंगे और ''भारी कीमत'' चुकानी पड़ेगी। विपक्षी नेताओं ने आम सहमति की कमी और सत्र के समय को लेकर चिंता जताई। राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आवास पर हुई विपक्षी दलों की बैठक में नारी शक्ति वंदन अधिनियम में संशोधन और परिसीमन संबंधी विधेयक पर विस्तार से चर्चा की गई तथा ''सर्वसम्मति से'' यह फैसला किया गया कि वे परिसीमन के प्रावधानों के खिलाफ एकजुट होकर वोट करेंगे।

### छत्तीसगढ़ वेदांता पावर प्लांट धमाका: मृतकों की संख्या बढ़कर 20 हुई

**सक्ती (छत्तीसगढ़) :** छत्तीसगढ़ के सक्ती जिले में वेदांता पावर प्लांट में हुए धमाके में मरने वालों की संख्या बढ़कर 20 हो गई है। पुलिस अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार यह धमाका मंगलवार दोपहर सिंघीतराई गांव में वेदांता लिमिटेड के विद्युत संयंत्र में हुआ था। उन्होंने कहा कि धमाका एक स्टील ट्यूब में हुआ, जो बॉयलर से टरबाइन तक तेज दबाव वाली भाप ले जा रही थी तथा इस धमाके से कई मजदूर बुरी तरह झुलस गए। अधिकारियों के मुताबिक, चार मजदूरों की तभी मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अन्य ने बाद में चोटों के कारण दम तोड़ दिया। सक्ती के जिलाधिकारी अमृत विकास टोपनो ने बताया कि इस घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर अब 20 हो गई है। उन्होंने बताया कि धमाके में कुल 36 मज़दूर प्रभावित हुए जिनमें से 20 की मौत हो गई।

## कश्मीर के मुख्यमंत्री ने तिरंगा पट्टियों वाला रिबन काटने से किया मना, सम्मान के साथ रखने को कहा



**श्रीनगर :** जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने बुधवार को केसरिया, सफेद और हरे रंग वाला तिरंगा रिबन देखने के बाद उसे काटने से इनकार कर दिया तथा उसे खोलकर आयोजकों को वापस सौंप दिया तथा निर्देश दिया कि इसे सम्मानपूर्वक रखा जाए। अब्दुल्ला यहां कश्मीर हाट में 'अपनी कला क्षमता को जानें' कार्यक्रम का उद्घाटन कर रहे थे। इसी दौरान वह एक वीडियो में रिबन की ओर बढ़ते हुए और उसके पास जाने पर उसका तिरंगा रंग देखकर रुकते हुए देखे जा सकते हैं। यह वीडियो सोशल मीडिया पर कई बार प्रसारित किया गया। कार्यक्रम में उनके साथ उपमुख्यमंत्री सुरिंदर चौधरी, उनके सलाहकार नासिर असलम वानी और कई अन्य लोग भी मौजूद थे। रिबन लौटाने के बाद अब्दुल्ला शहर के मध्य में स्थित कश्मीर हाट में अन्य गतिविधियों एवं कार्यक्रमों में शामिल हुए।

## ग्राहक के लिए एजेंट के समान हैं बैंक, वैधता अवधि में चेक प्रस्तुत करना वैधानिक दायित्व: न्यायालय

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को कहा कि बैंक अपने ग्राहकों के लिए एजेंट के रूप में कार्य करते हैं और चेक को वैधता अवधि के भीतर प्रस्तुत करना उनका वैधानिक दायित्व है, तथा ऐसा न किया जाना सेवा में कमी का मामला है। न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने केनरा बैंक को वैधता अवधि के भीतर चेक प्रस्तुत करने में विफल रहने पर सेवा में कमी का दोषी ठहराया, जबकि शिकायतकर्ताओं को दिए गए मुआवजे को कम कर दिया। न्यायमूर्ति भुइयां ने 57 पन्नों के आदेश में लिखा, ''संग्रह के लिए चेक प्राप्त करने वाला बैंक ग्राहक के एजेंट के रूप में कार्य करता है और निर्धारित वैधता अवधि के भीतर दस्तावेज को प्रस्तुत करने में उचित परिश्रम करने के लिए बाध्य है। ऐसा करने में विफलता, जिसके परिणामस्वरूप दस्तावेज पुराना हो जाएगा, किसी भी उचित स्पष्टीकरण के अभाव में, बैंकिंग कर्तव्यों के निर्वहन में लापरवाही होगी जो उपभोक्ता संरक्षण कानून के तहत सेवा प्रदान करने में कमी माना जाएगा।'' यह फैसला राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग (एनसीडीआरसी) के फैसले के खिलाफ केनरा बैंक की अपील पर आया, जिसने ग्राहक कविता चौधरी के पक्ष में फैसला सुनाया था। यह विवाद मई 2018 में उत्पन्न हुआ, जब कविता और प्रिया चौधरी ने अपने केनरा बैंक खातों में लगभग 1.06 करोड़ रुपये के दो चेक जमा किए। मेसर्स एसोटेक लिमिटेड द्वारा जारी किए गए चेक 3 मार्च, 2018 को लिखे गए थे, जिनकी समापन तिथि 2 जून, 2018 थी। 29 मई को जमा कराए जाने के बाद 30 मई और 31 मई को देशव्यापी बैंक हड़ताल हो गई। बैंक को हड़ताल के दौरान देरी के लिए माफ़ कर दिया गया था, लेकिन पाया गया कि वह 1 जून या 2 जून को चेक फिर से प्रस्तुत करने में विफल रहा, जो दोनों ही कार्य दिवस थे। जब बैंक ने इन चेक को संसाधित करने का प्रयास किया, तब तक वे ''बेकार'' हो चुके थे और अस्वीकार कर दिए गए। बैंक ने तर्क दिया कि देरी उसके नियंत्रण से परे परिस्थितियों और तकनीकी विफलताओं के कारण हुई।

# तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में द्रमुक की हार तय है: प्रधानमंत्री मोदी

**कन्याकुमारी के नागरकोइल में पीएम मोदी का मेगा रोड शो, उमड़ी भारी भीड़**



**नागरकोइल (तमिलनाडु) :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के लिए राजग उम्मीदवारों के समर्थन में बुधवार को एक रोडशो किया और कहा कि अन्नाद्रमुक के नेतृत्व वाला गठबंधन ''निश्चित रूप से जीतेगा'' जबकि सत्तारूढ़ द्रमुक की हार तय है। ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) के महासचिव एडप्पाडी के. पलानीस्वामी, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष नैनार नागेंद्रन और उनके पूर्ववर्ती के. अन्नामलाई के साथ कन्याकुमारी जिले के नागरकोइल में मोदी एक सजे-धजे वाहन के ऊपर खड़े होकर, सड़क के दोनों ओर बड़ी संख्या में मौजूद लोगों का अभिवादन कर रहे थे। इस कस्बे में वेप्पामूडु जंक्शन से वडासेरी तक लगभग 1.5 किलोमीटर की यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री पर लोगों ने फूलों की पंखुड़ियां बरसाईं। रोडशो के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने मोदी मोदी और भारत माता की जय के नारे लगाये।

### प्रधानमंत्री मोदी ने लोगों से नौ संकल्प लेने की अपील की

**मांड्या (कर्नाटक) :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को लोगों से ''विकसित कर्नाटक और विकसित भारत'' के लक्ष्य को हासिल करने के लिए जल संरक्षण, प्राकृतिक खेती और सेवा समेत नौ सामूहिक संकल्प लेने की अपील की। अपनी प्राथमिकताएं गिनाते हुए मोदी ने कहा कि उनका पहला आग्रह जल संरक्षण और बेहतर जल प्रबंधन को लेकर है। इसके बाद उन्होंने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत वृक्षारोपण, सार्वजनिक और धार्मिक स्थलों पर स्वच्छता, वोकल फॉर लोकल के माध्यम से स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने, घरेलू पर्यटन को प्रोत्साहित करने, रसायन मुक्त प्राकृतिक खेती अपनाने, मोटे अनाज के साथ स्वस्थ भोजन करने और तेल के कम उपयोग को बढ़ावा देने की अपील की।

### फर्जी आधार कार्ड बनाकर देहरादून में अवैध रूप से रह रही बांग्लादेशी महिला गिरफ्तार

**देहरादून (उत्तराखंड) :** उत्तराखंड के ऋषिकेश में फर्जी भारतीय दस्ता-वेजों के सहारे अवैध रूप से रह रही एक बांग्लादेशी महिला को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया गया । पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने यहां बताया कि संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान के लिए चलाए जा रहे 'ऑपरेशन प्रहार' के तहत एक गोपनीय सूचना के आधार पर नटराज चौक क्षेत्र में आरोपी महिला को गिरफ्तार किया गया। उसने कहा कि आरोपी महिला की पहचान बांग्लादेश के ढ़ाका की रीता उर्फ रीना (24) के रूप में की गयी है । रीता ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि वह सोशल मीडिया पर रिपोन नामक एक व्यक्ति के संपर्क में आयी जिसने उसे भारत में नौकरी दिलाने का प्रलोभन दिया। उसने पुलिस को बताया कि करीब एक माह पूर्व वह उसी के जरिए अवैध रूप से सीमा पार कर भारत आयी थी।

## पंजाब सरकार ने सांसद राघव चड्ढा की 'जेड प्लस' सुरक्षा वापस ली



**चंडीगढ़ :** राज्यसभा में आम आदमी पार्टी (आप) के उपनेता पद से हटाए जाने के बाद सांसद राघव चड्ढा और 'आप' के बीच जारी तनातनी के बीच, पंजाब सरकार ने उनकी 'जेड प्लस' श्रेणी की सुरक्षा वापस ले ली है। इस बीच, दिल्ली में सूत्रों ने बताया कि केंद्र सरकार चड्ढ ा को सुरक्षा प्रदान कर सकती है। चड्ढा पंजाब से राज्यसभा सदस्य हैं और उन्हें राज्य सरकार द्वारा 'जेड प्लस' श्रेणी की सुरक्षा दी गई थी। सूत्रों ने बताया कि उनकी सुरक्षा कुछ दिन पहले वापस ले ली गई है। आम आदमी पार्टी ने दो अप्रैल को राज्यसभा में पार्टी के उपनेता पद पर चड्ढा की जगह सांसद अशोक मित्तल की नियुक्ति की घोषणा की थी। पद से हटाए जाने के बाद चड्ढा ने कहा था कि उन्हें खामोश किया गया है, हराया नहीं। उनके इस बयान पर पार्टी ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए उन पर अपनी छवि चमकाने और संसद में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं केंद्र सरकार के खिलाफ आवाज न उठाने का आरोप लगाया था। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने चड्ढा के रुख पर नाराजगी जताते हुए कहा कि उन्होंने पार्टी व्हिप का उल्लंघन किया है। मान ने पहले कहा था, यदि चड्ढा पश्चिम बंगाल में मतदाताओं के नाम 'हटाए' जाने जैसे मुद्दों पर बोलने, महत्वपूर्ण विषयों पर संसद से बहिर्गमन करने या गुजरात में 'आप' के कई स्वयंसेवकों और नेताओं की गिरफ्तारी के खिलाफ आवाज उठाने को इच्छुक नहीं हैं, तो यह पार्टी की नीतियों का उल्लंघन और पार्टी व्हिप के खिलाफ जाना है।

# पश्चिम एशिया के साथ भारत का व्यापार मार्च में 50 प्रतिशत से अधिक गिरा



## भारत का निर्यात मार्च में 7.44 प्रतिशत घटा, व्यापार घाटा कम हुआ

पश्चिम एशिया संकट के कारण बीते माह वस्तु निर्यात में पांच महीनों में सबसे बड़ी गिरावट आई और यह 7.44 प्रतिशत घटकर 38.92 अरब अमेरिकी डॉलर पर रहा। वहीं आयात में छह प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई। बुधवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी मिली। हालांकि, आयात में कमी के कारण व्यापार घाटा मार्च में घटकर नौ महीनों के निचले स्तर 20.67 अरब डॉलर पर आ गया। आंकड़ों के अनुसार, कच्चे तेल और सोने के आयात में उल्लेखनीय कमी के कारण मार्च में कुल आयात 6.51 प्रतिशत घटकर 59.59 अरब डॉलर रहा। हालांकि, पूरे वित्त वर्ष 2025-26 में निर्यात 0.93 प्रतिशत बढ़कर अबतक के उच्चतम स्तर 441.78 अरब डॉलर पर पहुंच गया, जबकि आयात 7.45 प्रतिशत बढ़कर 775 अरब डॉलर रहा। पिछले वित्त वर्ष के दौरान सोने और चांदी के आयात में उछाल के कारण व्यापार घाटा बढ़कर 333.2 अरब डॉलर रहा

## भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बना चीन, व्यापार घाटा बढ़कर 112.16 अरब डॉलर हुआ

चीन, अमेरिका को पीछे छोड़कर 2025-26 में भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बन गया है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, चीन के साथ द्विपक्षीय व्यापार 151.1 अरब डॉलर तक पहुंच गया है, जबकि इस दौरान चीन के साथ देश का व्यापार घाटा बढ़कर 112.16 अरब डॉलर हो गया। अमेरिका 2024-25 तक लगातार चार वर्षों तक भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार था। पिछले वित्त वर्ष के दौरान चीन को भारत का निर्यात 36.66 प्रतिशत बढ़कर 19.47 अरब डॉलर हो गया, जबकि आयात 16 प्रतिशत बढ़कर 131.63 अरब डॉलर रहा। व्यापार घाटा 2025-26 में बढ़कर 112.16 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया, जो 2024-25 में 99.2 अरब डॉलर था। दूसरी ओर, पिछले वित्त वर्ष के दौरान अमेरिका को देश का निर्यात मामूली रूप से 0.92 प्रतिशत बढ़कर 87.3 अरब डॉलर रहा, जबकि आयात 15.95 प्रतिशत बढ़कर 52.9 अरब डॉलर हो गया। व्यापार अधिशेष 2024-25 के 40.89 अरब डॉलर से घटकर 2025-26 में 34.4 अरब डॉलर रह गया।

**नयी दिल्ली:** अमेरिका और इजराइल की तरफ से ईरान पर किए गए हमले के बाद उत्पन्न गंभीर व्यवधानों के कारण मार्च में पश्चिम एशिया क्षेत्र के साथ भारत के व्यापार में 50 प्रतिशत से अधिक की गिरावट दर्ज की गई। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने बुधवार को यह जानकारी दी। अग्रवाल ने यहां मार्च के व्यापार आंकड़े जारी करते हुए कहा कि पिछले महीने पश्चिम एशियाई देशों के साथ भारत के निर्यात में 57.95 प्रतिशत और आयात में 51.64 प्रतिशत की गिरावट रही। ईरान पर 28 फरवरी को हुए संयुक्त हमले के बाद प्रमुख समुद्री व्यापार मार्ग होर्मुज जलडमरूमध्य अस्थायी रूप से बंद हो गया था जिससे क्षेत्र के साथ व्यापार पर व्यापक असर पड़ा। करीब 33 किलोमीटर चौड़ा यह जलडमरूमध्य भारत से पश्चिम एशिया के देशों को होने वाले माल परिवहन के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। लेकिन इसके अवरुद्ध हो जाने से भारतीय व्यापार पर प्रतिकूल असर पड़ा है। सामान्य परिस्थितियों में भारत इस क्षेत्र को हर महीने लगभग छह अरब डॉलर का निर्यात करता है, लेकिन मार्च में यह आंकड़ा घटकर महज 2.5 अरब डॉलर रह गया। इस तरह इन देशों को निर्यात में लगभग 3.5 अरब डॉलर की कमी आई है। वाणिज्य सचिव ने कहा कि पश्चिम एशियाई देशों के साथ व्यापार के मामले में अप्रैल माह भी चुनौतीपूर्ण रहने का अनुमान है। उन्होंने बताया कि रत्न एवं आभूषण, इंजीनियरिंग वस्तुएं, इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद, पेट्रोलियम उत्पाद और चावल जैसे क्षेत्रों के निर्यात में प्रमुख रूप से गिरावट आई है। अग्रवाल ने कहा, इस तरह के संकट के समय आपूर्ति शृंखलाओं में नए सिरे से संतुलन होता है और भारतीय निर्यातक नए बाजारों की ओर रुख करने की कोशिश कर रहे हैं। यह केवल भारत-पश्चिम एशिया की चुनौती नहीं है, बल्कि वैश्विक स्तर पर पश्चिम एशिया से जुड़े लॉजिस्टिक की समस्या है। उन्होंने यह भी कहा कि पश्चिम एशिया से तेल एवं गैस की आपूर्ति बाधित होने से इस्पात, प्लास्टिक और रबर जैसे कच्चे माल की कीमतों में भी बढ़ोतरी देखी गई है, जिससे लागत दबाव बढ़ा है।

## मुख्यमंत्री ने टाटा के सहयोग से पूर्वी उप्र के पहले उत्कृष्टता केंद्र का लोकार्पण किया



**गोरखपुर (उप्र):** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) फाउंडेशन के सहयोग से, महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद द्वारा संचालित, महाराणा प्रताप इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमपीआईटी) में स्थापित क्षेत्र के पहले अत्याधुनिक उत्कृष्टता केंद्र (सीओई) का उद्घाटन किया। एक बयान के मुताबिक टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन और टीसीएस के सीईओ के. कृतिवासन की उपस्थिति में लोकार्पण समारोह में मुख्यमंत्री ने कहा कि बीते नौ वर्षों में उत्तर प्रदेश ने खुद को न केवल बुनियादी ढांचे वाले राज्य, बल्कि विनिर्माण केंद्र के रूप में भी स्थापित किया है। मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने कहा, 'उत्तर प्रदेश में जो परिवर्तन देखने को मिल रहा है, वैसा नौ वर्ष पहले हो पाना कठिन था। तब सड़कें अच्छी नहीं थीं, बिजली का अता-पता नहीं था। सुरक्षा संकट में थी। न नीति थी और न नीयत। सुरक्षा का माहौल और नीति नहीं होने के कारण निवेश भी नहीं होता था।' उन्होंने कहा, 'जब निवेश नहीं होगा तो स्वाभाविक रूप से रोजगार भी नहीं मिलेगा। यही स्थिति तब उप्र की थी, लेकिन आज का राज्य हर क्षेत्र में तेजी से प्रगति कर रहा है।' मुख्यमंत्री ने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि वे जितना तकनीक के नजदीक जाएंगे, टेक्नोलॉजी हाथ का खिलौना बनती जाएगी। नौजवान जब टेक्नोलॉजी के साथ जुड़ेंगे, पारंगत बनेंगे तो उन्हें शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, उद्योग, नवाचार सहित हर क्षेत्र में आगे बढ़ने में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री ने उभरती प्रौद्योगिकी के लिए यूपी प्रदेश का पहला उत्कृष्टता केंद्र बनाने में सहयोग के लिए टाटा समूह के प्रति आभार जताया।

## ईंधन कीमतों में उछाल से मार्च में थोक मुद्रास्फीति 38 माह के उच्च स्तर 3.88 प्रतिशत पर



**नयी दिल्ली:** पश्चिम एशिया संकट के बीच ईंधन, बिजली एवं विनिर्मित वस्तुओं की कीमतों में बढ़ोतरी के कारण मार्च में थोक मुद्रास्फीति तीन साल से अधिक यानी 38 माह के उच्च स्तर 3.88 प्रतिशत पर पहुंच गई। बुधवार को जारी सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली। थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) पर आधारित मुद्रास्फीति मार्च में लगातार पांचवें महीने बढ़ी। प्राथमिक खाद्य पदार्थों की कीमतों में नरमी के बीच मुख्य मुद्रास्फीति में तेजी आई। थोक मुद्रास्फीति मार्च में वैश्विक जिंस कीमतों में वृद्धि और 28 फरवरी को अमेरिका-इजराइल-ईरान संघर्ष की शुरुआत के बाद से ऊर्जा कीमतों में आए झटके के प्रभाव को दर्शाती है। थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति फरवरी में 2.13 प्रतिशत और मार्च, 2025 में 2.25 प्रतिशत थी। उद्योग मंत्रालय ने बयान में कहा, 'कच्चे पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस, अन्य विनिर्माण, गैर-खाद्य वस्तुएं, 'मूल धातु', विनिर्माण और खाद्य वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि इसकी मुख्य वजह रही।' डब्ल्यूपीआई आंकड़ों के अनुसार, ईंधन व बिजली श्रेणी में मुद्रास्फीति मार्च में बढ़कर 1.05 प्रतिशत हो गई जबकि फरवरी में इसमें 3.78 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई थी। कच्चे पेट्रोलियम में मुद्रास्फीति मार्च में बढ़कर 51.57 प्रतिशत हो गई जबकि पिछले महीने इसमें 1.29 प्रतिशत की गिरावट थी। विनिर्मित उत्पादों की महंगाई दर भी फरवरी के 2.92 प्रतिशत से बढ़कर मार्च में 3.39 प्रतिशत हो गई।

## अमेरिका-ईरान वार्ता बहाल होने की संभावना से शेयर बाजार में तेजी, सेंसेक्स 1,264 अंक चढ़ा



**मुंबई:** कच्चे तेल की कीमतों में नरमी और अमेरिका-ईरान के बीच कूटनीतिक वार्ता की उम्मीदों के बीच घरेलू शेयर बाजार बुधवार को बड़ी बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 1,264 अंक चढ़ गया, जबकि निफ्टी में 389 अंक की तेजी रही। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 1,263.67 अंक यानी 1.64 प्रतिशत चढ़कर 78,111.24 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह एक समय यह 1,422.85 अंक चढ़कर 78,270.42 अंक तक पहुंच गया था। वहीं, एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 388.65 अंक यानी 1.63 प्रतिशत बढ़कर 24,231.30 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में इंटरग्लोब एविएशन (यानी इंडिगो), पावर ग्रिड कॉरपोरेशन, टेक महिंद्रा, टीसीएस और लार्सन एंड टुब्रो प्रमुख रूप से बढ़त में रहीं। दूसरी तरफ, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक और एक्सिस बैंक के शेयरों में गिरावट रही। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड पश्चिम एशिया तनाव कम होने के संकेतों के बीच गिरकर 95.74 डॉलर प्रति बैरल के करीब आ गया। तेल कीमतों में गिरावट से भारत जैसे आयात पर निर्भर देश को राहत मिलने की उम्मीद बढ़ी है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि ईरान के साथ युद्ध 'समाप्ति के करीब' है और दोनों देशों के बीच वार्ता फिर शुरू होने की संभावना है। मीडिया की खबरों के अनुसार, अगले कुछ दिनों में बातचीत का दूसरा दौर हो सकता है। विश्लेषकों के मुताबिक, पश्चिम एशिया में तनाव कम होने के संकेत और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट ने निवेशकों की जोखिम लेने की क्षमता बढ़ाई, जिससे बाजार में खरीदारी लौटी। लाइवलॉन्ग वेल्थ के संस्थापक एवं शोध विश्लेषक हरिप्रसाद के. ने कहा, 'भू-राजनीतिक तनाव में कमी के स्पष्ट संकेतों ने घरेलू बाजार में तेजी को समर्थन दिया। अमेरिका एवं ईरान के बीच बातचीत दोबारा शुरू होने की उम्मीद और उसकी वजह से कच्चे तेल में आई नरमी ने मुद्रास्फीति चिंताओं को कम किया है।' व्यापक बाजार में छोटी कंपनियों का बीएसई स्मॉलकैप सेलेक्ट सूचकांक 2.62 प्रतिशत चढ़ गया जबकि मझोली कंपनियों के मिडकैप में 2.55 प्रतिशत की तेजी रही।

## न्यूज अपडेट

### अक्षय तृतीया से पहले चांदी में 11,800 रुपये का उछाल, सोना 3,000 रुपये मजबूत

**नयी दिल्ली:** 'अक्षय तृतीया' त्योहार से पहले आभूषण विक्रेताओं और स्टॉकिस्ट की ताजा लिवाली से बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में चांदी की कीमतें 11,800 रुपये बढ़कर 2.57 लाख रुपये प्रति किलोग्राम हो गईं, जबकि सोना 3,000 रुपये बढ़कर 1.58 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। अक्षय तृतीया को कीमती धातुओं की खरीद के लिए शुभ दिन माना जाता है। इस साल अक्षय तृतीया 19 अप्रैल है। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी सोमवार के बंद स्तर 2,45,200 रुपये प्रति किलोग्राम से 11,800 रुपये या 4.81 प्रतिशत बढ़कर 2,57,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) हो गई। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 3,000 रुपये या करीब दो प्रतिशत बढ़कर 1,58,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) हो गया। पिछले बाजार सत्र में सोना 1,55,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। स्थानीय सर्राफा बाजार मंगलवार को छुट्टी की वजह से बंद था।

### सरकार ने टाटा सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग के लिए धोलेरा में विशेष आर्थिक क्षेत्र को दी मंजूरी

**नयी दिल्ली:** सरकार ने गुजरात के धोलेरा में टाटा सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग प्राइवेट लिमिटेड के लिए एक विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) को मंजूरी दी है। कंपनी ने भारत की पहली चिप विनिर्माण इकाई स्थापित करने के लिए 91,000 करोड़ रुपये के निवेश का प्रस्ताव दिया है। इस प्रस्ताव को एसईजेड से संबंधित मामलों के शीर्ष निकाय 'मंजूरी बोर्ड' की हरी झंडी मिल गई है, जिसकी अध्यक्षता वाणिज्य सचिव करते हैं। वाणिज्य मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव अजय भादू ने यहां पत्रकारों से कहा, 'वाणिज्य विभाग ने गुजरात के धोलेरा में इलेक्ट्रॉनिक हार्डवेयर तथा सॉफ्टवेयर (जिसमें आईटी/आईटीईएस शामिल हैं) के लिए विशेष रूप से टाटा सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग प्राइवेट लिमिटेड द्वारा स्थापित किए जाने वाले विशेष आर्थिक क्षेत्र को नौ अप्रैल को अधिसूचित किया है।'

### व्यापार वार्ता के लिए भारतीय दल अगले सप्ताह अमेरिका जाएगा, समझौते में बदलाव पर होगी चर्चा

**नयी दिल्ली:** भारत और अमेरिका के मुख्य वार्ताकार वाशिंगटन में 20 अप्रैल से दोनों देशों के बीच प्रस्तावित व्यापार समझौते पर तीन दिवसीय वार्ता शुरू करेंगे। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने बुधवार को यहां संवाददाताओं से कहा कि फरवरी में अंतिम रूप दिए गए समझौते को अमेरिकी शुल्क ढांचे में हुए बदलावों को ध्यान में रखते हुए नए सिरे से तैयार करने की जरूरत है। इसके साथ ही अग्रवाल ने कहा कि इस व्यापार समझौते पर आगे चर्चा की जरूरत है। उन्होंने कहा, 'मुख्य वार्ताकार दर्पण जैन के नेतृत्व में भारतीय दल इस महीने की 20 तारीख से अमेरिका का दौरा करेगा। वार्ता दल लगभग तीन-चार महीनों के बाद व्यक्तिगत रूप से मिलेंगे। हम समझौते के कानूनी ढांचे को अंतिम रूप देने पर विचार कर रहे हैं, जो सात फरवरी को जारी संयुक्त बयान का अगला तार्किक कदम है।'

### देश में बेरोजगारी मार्च में मामूली बढ़कर 5.1 प्रतिशत पर: सरकारी आंकड़ा

**नयी दिल्ली:** देश में बेरोजगारी मामूली बढ़ी है। पंद्रह वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों की बेरोजगारी दर इस साल मार्च में बढ़कर 5.1 प्रतिशत हो गई, जो फरवरी में 4.9 प्रतिशत थी। इसका मुख्य कारण शहरी क्षेत्रों में उच्च बेरोजगारी दर है। बुधवार को जारी सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के अंतर्गत आने वाला राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के निश्चित अवधि पर होने वाले श्रमबल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) आबादी की गतिविधियों में भागीदारी, रोजगार और बेरोजगारी की स्थिति पर आंकड़ों का प्राथमिक स्रोत है। पीएलएफएस सर्वेक्षण के तौर-तरीकों को जनवरी, 2025 से संशोधित किया गया है ताकि देश के लिए श्रम बल संकेतकों के मासिक और तिमाही अनुमान प्रदान किए जा सकें।

### मोबाइल फोन के लिए मई तक 46,000 करोड़ रुपये की पीएलआई 2.0 योजना लाने की तैयारी

**नयी दिल्ली:** सरकार देश से मोबाइल फोन निर्यात को बढ़ावा देने के लिए मई तक उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना का नया संस्करण पेश कर सकती है जिसका आकार पांच अरब डॉलर (करीब 46,000 करोड़ रुपये) से अधिक रहने की संभावना है। सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी।




## कोलकाता में आलिया कंकारिया ने जीता ईस्टर्न चैलेंजर स्क्वैश ओपन



**कोलकाता, समाज्ञा :** आलिया कंकारिया ने कोलकाता में आयोजित ईस्टर्न चैलेंजर स्क्वैश ओपन, जो 3-स्टार एसआरएफआई राष्ट्रीय स्तर का टूर्नामेंट है, में खिताब जीत लिया। प्रतियोगिता में 20 राज्यों के 280 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। यह अंडर-13 वर्ग में उनकी पहली टूर्नामेंट जीत है, खासकर तब जब वे अगले महीने चीन में होने वाली एशियन चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम में चयनित हो चुकी हैं। फाइनल में उन्होंने मुंबई की श्रिया माहेश्वरी को 3-1 से हराकर खिताब अपने नाम किया।

## भारत के लिये सारे प्रारूप में खेलना वरदान है, चुनौती नहीं : सुंदर



**नयी दिल्ली:** भारत के हरफनमौला वॉशिंगटन सुंदर का मानना है कि क्रिकेट का कैलेंडर अति व्यस्त होने के कारण हर प्रारूप में खेलने वाले खिलाड़ी अब बिरले होते हैं लेकिन इस जमात का हिस्सा बनना खूबसूरत वरदान है, बड़ी चुनौती नहीं। भारत के लिये 2017 में पहली बार खेलने वाले सुंदर को कैरियर में कई बार चोटों का सामना करना पड़ा है। वह हालांकि पिछले 18 महीने से भारतीय टीम के नियमित सदस्य हैं। उन्होंने पीटीआई को दिये इंटरव्यू में कहा ,'भारतीय क्रिकेट के लिये हर प्रारूप खेलना बड़ा वरदान है। हम सभी को पता है कि भारतीय टीम हमेशा किस तरह का क्रिकेट खेलती है।'' उन्होंने कहा ,'तीनों प्रारूप में खेलने का सौभाग्य मुझे मिला और आगे भी मैं अपनी ओर से योगदान देकर भारत के लिये अधिक से अधिक मैच जीतना चाहूंगा।'' सुंदर ने टी20 विश्व कप में कुछ ही मैच खेले लेकिन टेस्ट क्रिकेट में अच्छा योगदान दिया है। आईपीएल में गुजरात टाइटंस के लिये खेल रहे सुंदर ने कहा कि उन्होंने पिछले कुछ समय में अपनी फिटनेस पर काफी काम किया है जिससे उन्हें विभिन्न प्रारूपों में नियमित मौके मिलते रहे हैं। उन्होंने कहा ,''मुझे बहुत ज्यादा चुनौतियां नहीं दिखती। फिटनेस की बड़ी भूमिका है और आपको समझना होगा कि अलग अलग हालात में शरीर कैसे काम करता है।'' सीनियर आफ स्पिनर आर अश्विन के संन्यास के बाद उन्हें टेस्ट क्रिकेट में अधिक मौके मिलने लगे लेकिन छोटे प्रारूप में उन्हें बल्लेबाजी को निखारना पड़ा है।

## सुपर जाइंट्स को पांच विकेट से हराकर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु शीर्ष पर



**बेंगलुरु :** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने लखनऊ सुपर जाइंट्स को पांच विकेट से हराकर इंडियन प्रीमियर लीग में अंक तालिका के शीर्ष पर कब्जा कर लिया। गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद बल्लेबाजों ने लक्ष्य को आसानी से हासिल कर लिया।

147 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए आरसीबी ने 15.1 ओवर में पांच विकेट पर 149 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। विराट कोहली ने 34 गेंद में 49 रन की अहम पारी खेली, जिसमें छह चौके और एक छक्का शामिल रहा। उन्होंने देवदत्त पडिक्कल (10) के साथ दूसरे विकेट के लिए 57 रन की साझेदारी की।

कप्तान रजत पाटीदार (27) और जितेश शर्मा (23) ने तेज पारियां खेलकर टीम को जीत के करीब पहुंचाया। अंत में टिम डेविड और रोमारियो शेफर्ड ने टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। सुपर जाइंट्स की ओर से प्रिंस यादव ने तीन और आवेश खान ने दो विकेट लिए।

इससे पहले आरसीबी के गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया। रसिख सलाम ने 24 रन देकर चार विकेट झटके, जबकि भुवनेश्वर कुमार ने तीन विकेट चटकाए। कृणाल पंड्या को भी दो सफलता मिली। इनकी बदौलत सुपर जाइंट्स की टीम 146 रन पर सिमट गई।

लखनऊ के लिए मिचेल मार्श ने 40, मुकुल चौधरी ने 39 और आयुष बडोनी ने 38 रन बनाए, लेकिन कोई भी बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल सका। कप्तान ऋषभ पंत चोट के कारण बीच में मैदान छोड़कर गए और बाद में लौटकर भी ज्यादा योगदान नहीं दे सके।


इस जीत के साथ आरसीबी के पांच मैच में चार जीत से आठ अंक हो गए हैं और बेहतर नेट रन रेट के आधार पर टीम शीर्ष पर पहुंच गई है।

## दिग्गज बैडमिंटन खिलाड़ी विक्टर एक्सेलसन ने संन्यास लिया



**नयी दिल्ली:** दो बार के ओलंपिक और विश्व चैंपियन दिग्गज बैडमिंटन खिलाड़ी विक्टर एक्सेलसन ने बुधवार को संन्यास की घोषणा करते हुए कहा कि लगातार चोटिल होने के कारण उन्हें यह फैसला करना पड़ा। डेनमार्क का यह 32 वर्षीय खिलाड़ी पिछले साल अक्टूबर से पीठ की समस्या के कारण किसी भी प्रतियोगिता में भाग नहीं ले पाया है। उन्होंने इसके लिए सर्जरी भी कराई लेकिन उनका दर्द अब भी बना रहता है। तीन बार के यूरोपीय चैंपियन एक्सेलसन ने 'बैडमिंटन यूरोप' से कहा, 'जैसा कि अधिकतर लोग जानते हैं कि मैं काफी समय से अपनी पीठ की समस्या से जूझ रहा हूं। पिछले साल अप्रैल में सर्जरी कराने और लंबे समय तक 'रिहैबिलिटेशन' से गुजरने के बाद दुर्भाग्य से अक्टूबर में यह दर्द फिर से उबर गया।'

## रहाणे पर धीमी ओवर गति के लिए 12 लाख रुपये का जुर्माना



**चेन्नई:** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के कप्तान अजिंक्य रहाणे पर चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ आईपीएल मैच के दौरान धीमी ओवर गति बनाए रखने के लिए 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। केकेआर को मंगलवार को खेले गए इस मैच में 32 रन से हार का सामना करना पड़ा। उसकी टीम वर्तमान सत्र में अभी तक एक भी मैच नहीं जीत पाई है और अंक तालिका में सबसे निचले स्थान पर है। आईपीएल के बयान के अनुसार, 'कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान अजिंक्य रहाणे पर चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के मैच के दौरान उनकी टीम की धीमी ओवर गति के लिए जुर्माना लगाया गया है।' इसमें कहा गया है, 'आईपीएल की न्यूनतम ओवर गति से संबंधित आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के तहत यह उनकी टीम का इस सत्र का पहला अपराध था, इसलिए रहाणे पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया।'

## अभिषेक शर्मा और अक्षर पटेल नाडा की आरटीपी सूची में शामिल

**नयी दिल्ली:** टी20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय क्रिकेट टीम के सदस्य अभिषेक शर्मा और अक्षर पटेल को इस साल की दूसरी तिमाही के लिए राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) के पंजीकृत परीक्षण पूल (आरटीपी) में शामिल किया गया है। आरटीपी में शामिल 348 खिलाड़ियों की नवीनतम सूची में अभिषेक और अक्षर ने स्मृति मंधाना और श्रेयस अय्यर की जगह ली है। इन सभी खिलाड़ियों को डोपिंग रोधी एजेंसी को अपने ठिकाने की जानकारी देनी होगी और प्रतिदिन एक निश्चित समय में परीक्षण के लिए उपलब्ध रहना होगा। अपने ठिकाने की जानकारी देने में तीन बार विफल रहना डोपिंग का उल्लंघन माना जाता है। टेस्ट और वनडे के कप्तान शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, हार्दिक पंड्या, ऋषभ पंत, जसप्रीत बुमराह, केएल राहुल, अर्शदीप सिंह और तिलक वर्मा पहले की तरह इस सूची में बने रहेंगे। पिछले साल वनडे विश्व कप जीतकर इतिहास रचने वाली भारतीय महिला क्रिकेट टीम की ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा तथा शेफाली वर्मा और रेणुका सिंह ठाकुर इस सूची में बनी हुई हैं। कुल मिलाकर नाडा की इस सूची में 14 क्रिकेटरों को शामिल किया गया है।

## तमिलनाडु, बंगाल और दिल्ली जूनियर एवं युवा राष्ट्रीय टेबल टेनिस के प्री क्वार्टर फाइनल में

**देहरादून:** तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और दिल्ली ने शुरू में ही अपना दबदबा बनाते हुए बुधवार को यहां यूटीटी अंतरराज्यीय जूनियर एवं युवा राष्ट्रीय टेबल टेनिस चैंपियनशिप के अंडर-19 लड़कियों के टीम वर्ग में अपने-अपने ग्रुप से प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। लीग मैच का सिर्फ एक दौर बाकी है जिसमें तेलंगाना बनाम पंजाब (ग्रुप ए), उत्तराखंड बनाम असम (ग्रुप बी), और पीएसपीबी बनाम चंडीगढ़ (ग्रुप सी) मुकाबले होने हैं लेकिन इन मुकाबलों के नतीजों का तीन प्रमुख टीम पर अधिक असर नहीं पड़ेगा जिन्होंने पहले ही नॉकआउट में जगह पक्की कर ली है। महाराष्ट्र (ग्रुप डी), उत्तर प्रदेश (ग्रुप ई), एनसीओई (ग्रुप एफ), कर्नाटक (ग्रुप जी), और गुजरात (ग्रुप एच) ने भी प्री क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह लगभग पक्की कर ली है। कड़े ग्रुप सी में मेजबान उत्तराखंड अपना मैच पश्चिम बंगाल से 0-3 से हार गया लेकिन बुधवार को ही अपने आखिरी दौर के मैच में असम के खिलाफ टीम के पास वापसी की उम्मीद होगी। छत्तीसगढ़ और केरल के बीच एक रोमांचक मुकाबला देखने को मिला जिसमें छत्तीसगढ़ ने तनावपूर्ण निर्णायक मैच में जीत हासिल करके मुकाबला अपने नाम किया। ग्रुप एफ में एनसीओई ने हरियाणा को हराया।

## रोहित शर्मा का पंजाब किंग्स के खिलाफ आईपीएल मैच में खेलना संदिग्ध

**मुंबई:** मुंबई इंडियन्स और पंजाब किंग्स के बीच होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग मुकाबले में रोहित शर्मा की उपलब्धता को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है जबकि बुधवार को इस सीनियर बल्लेबाज ने यहां हल्का अभ्यास किया। पिछले रविवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ बड़े स्कोर वाले मैच के दौरान मुंबई इंडियन्स की पारी के छठे ओवर में रोहित को अपने पैर की मांसपेशियों में परेशानी महसूस हुई थी जिसके बाद वह मैदान से बाहर चले गए थे। जब रोहित 'रिटायर्ड हर्ट' होकर बाहर गए तब वह 13 गेंद पर 19 रन बनाकर खेल रहे थे। इसके बाद मुंबई इंडियन्स यह मैच 18 रन से हार गई जो मौजूदा सत्र में टीम की लगातार तीसरी हार थी। बुधवार को मुंबई इंडियन्स के ट्रेनिंग सत्र के दौरान टीम के एक अधिकारी ने कहा, ''मेडिकल टीम और कोचिंग स्टाफ उनकी जांच कर रहे हैं और हमें जल्द ही पता चल जाएगा।' हालांकि शाम को रोहित वानखेड़े स्टेडियम पहुंचे और उन्होंने हल्का-फुल्का अभ्यास किया। वह मंगलवार को टीम के अभ्यास सत्र में शामिल नहीं हुए थे। टीम के सहयोगी स्टाफ के कुछ सदस्यों के साथ रोहित मैदान के एक छोर से दूसरे छोर तक धीरे-धीरे दौड़े जिसके बाद उनके दाहिने पैर पर अतिरिक्त पट्टी बांधी गई। रोहित ने इसके बाद हल्का वार्मअप किया और काफी आसानी से दौड़ भी पाए। इस दौरान उन्होंने सहयोगी स्टाफ के साथ बातचीत भी की। हालांकि उन्होंने तेज दौड़ने की कोशिश नहीं की। इसके बाद 38 वर्षीय रोहित ने पैड पहने और नेट गेंदबाजों तथा थ्रो डाउन विशेषज्ञों का सामना किया।

वर्ष 11, पूर्णांक 3564 अंक 030 RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in